# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार,20 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 347 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ बुजुर्ग बदल रहे है अर्थव्यवस्था की चाल,चमकने लगी सिल्वर इकोनॉमी

सबको छोड़कर जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन ◂◂ 6




# छोटा तालाब में डूबा युवक, खोजबीन के लिए एनडीआरएफ टीम बुलाने की मांग, लोगों ने किया सड़क जाम



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा तालाब में आज बुधवार की सुबह एक युवक डूब गया। मामले की जानकारी पाकर स्थानीय लोगों ने तालाब में युवक की तलाश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। काफी खोजबीन करने के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चला। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी है।

**एनडीआरएफ टीम बुलाने की मांग :** काफी खोजबीन के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिलने पर स्थानीय लोग युवक को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाने की मांग कर रहे हैं। एनडीआरएफ की टीम बुलाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर गये हैं, जिससे जाम की स्थिति बन गयी है।

**ग्रामीणों ने किया सड़क जाम :** मामले की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन स्थानीय लोग एनडीआरएफ की टीम बुलाने की अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। लोगों का कहना है कि जब तक एनडीआरएफ की टीम नहीं आयेगी, वे सड़क से नहीं हटेंगे।

## एक्शन में रांची नगर निगम, हिनू इंद्रा पैलेस के पास अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की इंफोर्समेंट टीम ने आज हिनू स्थित इंद्रा पैलेस के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। निगम की टीम सुबह ही जेसीबी और ट्रक के साथ मौके पर पहुंची और सड़क किनारे लगे अवैध गुमटी, ठेला और दुकानों को हटाना शुरू किया। इस दौरान कई अवैध गुमटी और ठेले भी जब्त किए गए।

**अतिक्रमण अभियान का लोगों ने किया विरोध :** निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्तों और फुटपाथों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि आसपास के कुछ लोगों ने अभियान अभियान का विरोध किया। लेकिन सुरक्षा बल की मौजूदगी में निगम टीम ने बिना किसी रुकावट के काम जारी रखा।

**मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना निगम का लक्ष्य :** नगर निगम ने बताया कि यह अभियान सिर्फ हिनू तक सीमित नहीं है, बल्कि रांची शहर के लगभग सभी इलाकों में अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण से मुक्त करना, लोगों को सुगम यातायात और पैदल चलने की सुविधा देना निगम का लक्ष्य है।

**सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण ना करने की अपील :** निगम के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से अपील की है कि वे सड़क और फुटपाथ पर कब्जा न करें, वरना उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमला

**नई दिल्ली :** बुधवार की सुबह 'जन सुनवाई' के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। हमलावर की पहचान कर ली गई है। वह गुजरात के राजकोट का रहने वाला है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेश भाई खिमजी भाई सकारिया के रूप में हुई है। वह 41 साल का है। पुलिस आरोपी को पकड़ सिविल लाइंस थाने ले गई है। पुलिस हमले के कारणों का पता लगाने के लिए हमलावर से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में गुजरात पुलिस से संपर्क किया है। दिल्ली सीएम पर हुए हमले को उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली पुलिस घटना की आंतरिक जांच करेगी कि इतनी सुरक्षा के बावजूद यह घटना कैसे हुई। दिल्ली पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में मामले की जांच की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि साप्ताहिक जन सुनवाई के दौरान राजेश अचानक बाहर आया और मुख्यमंत्री पर एक भारी वस्तु फेंक दी। हमले के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जमीन पर गिर पड़ीं।

बताया जा रहा है कि हमलावर ने मुख्यमंत्री पर हमला करने से पहले उन्हें कुछ कागज दिए और एक अदालती मामले का हवाला दिया। इसके बाद उसने मुख्यमंत्री पर हमला कर दिया। सूत्रों के अनुसार, फिलहाल मुख्यमंत्री एक डॉक्टर की निगरानी में हैं और घटना के बाद, मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और सिविल लाइंस थाने में जांच चल रही है। पुलिस के अनुसार, पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आवास पर मौजूद थे। दिल्ली मुख्यमंत्री के राजनिवास मार्ग स्थित कैंप ऑफिस में हर बुधवार जनसुनवाई की जाती है। जन सुनवाई 7 बजे सुबह शुरू होती है। इस दौरान सीएम सभी लोगों से एक-एक मिलती हैं।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने नामांकन दाखिल किया

### पहले प्रस्तावक बने पीएम मोदी



**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने संसद भवन में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,अमित शाह ,राजनाथ सिंह समेत एनडीए के बड़े नेता भी मौजूद रहे।

इंडिया गठबंधन ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को घोषणा की कि गठबंधन की ओर से सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है।

उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आगामी 9 सितंबर को कराया जाएगा। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी।

आपको बता दे की महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को ठऊअ ने उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है।भाजपा संसदीय दल की बैठक में उनके नाम पर सहमति बनी।

सीपी राधाकृष्णन का पूरा नाम चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन है। इनका जन्म 4 मई 1957 को तिरुपुर, तमिलनाडु में हुआ था। मात्र 16 वर्ष की उम्र में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्ऱ) से जुड़कर राजनीति की शुरूआत की।1998 और 1999 में वे कोयंबटूर लोकसभा सीट से सांसद बने।2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे।2023 में उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया था, जिसके बाद वर्तमान में वे महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं।चुनावी प्रक्रियाउपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त तय की गई है।25 अगस्त तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।मतदान और मतगणना दोनों 9 सितंबर को होंगे।उपराष्ट्रपति पद क्यों खाली हुआ?दरअसल, मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 वर्षीय धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक होना था, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया।

## पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# पापा, आपके सपने को पूरा करना ही मेरा लक्ष्य





**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने पिता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पिता के सपने को पूरा करना ही उनके जीवन का लक्ष्य है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, ₹एक ऐसा भारत, जहां हर नागरिक को सम्मान मिले, जहां सद्भावना हो, लोकतंत्र और संविधान से देश मजबूती से खड़ा हो। पापा, आपके देखे इस सपने को पूरा करना ही मेरा जीवन लक्ष्य है।

दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कहा, ₹राजीव गांधी ने देश के लिए वो काम किए हैं जो कोई और कर नहीं सकता। ऐसे समय में जब संविधान और लोकतंत्र कमजोर हो रहा हो तो पूर्व पीएम हमें ताकत देते हैं ताकि हम देश की रक्षा कर सकें और देश को आगे बढ़ा सकें।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने 'एक्स' पर लिखा, भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर मैं उन्हें नमन करता हूं। प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों के माध्यम से देश को आधुनिक दृष्टि दी और भारत को 21वीं सदी की सोच से जोड़ा। लोकतंत्र में अपनी गहरी आस्था और सशक्तिकरण की भावना को साकार करते हुए उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाया। आने वाली पीढ़ियों के लिए उन्होंने प्रगति के नए मार्ग खोले और आज के भारत में भी उनके विचारों व कार्यों की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। उनकी सोच और योगदान देश के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने एक्स पोस्ट में लिखा, तकनीकी भारत के शिल्पकार, संचार क्रांति के जनक, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर भावपूर्ण नमन। वे ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने ग्रामीण भारत की प्रतिभाओं को शिक्षा, संचार और नेतृत्व के अवसर दिए। कंप्यूटर और दूरसंचार की क्रांति, पंचायती राज की संवैधानिक व्यवस्था और नवोदय विद्यालय इसके उदाहरण हैं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनके साथ काम करने का अवसर मिला।



## बहादुरगढ़ में केएमपी एक्सप्रेसवे पर पिकअप और कैंटर की टक्कर, 4 प्रवासी मजदूरों की मौत

**बहादुरगढ़ :** हरियाणा के बहादुरगढ़ में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब एक्सप्रेसवे पर मजदूरों से भरी एक पिकअप गाड़ी को कैंटर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप गाड़ी का पीछे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कैंटर के भी सामने वाले हिस्से के शीशे टूट गए। इस टक्कर में पिकअप सवार करीब 37 मजदूरों में से अधिकांश घायल हो गए। घायल व्यक्ति ने बताया कि जब वह पिकअप गाड़ी में जा रहे थे, उसी दौरान पीछे से कैंटर ने टक्कर मारी। लखीमपुर खीरी से प्रवासी मजदूरों को महेंद्रगढ़ में खेती के काम के लिए लाया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में एक्सीडेंट हुआ। बताया जा रहा है कि ये सभी प्रवासी मजदूर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के अमन नगर से हरियाणा के महेंद्रगढ़ स्थित घोड़ाकैमला गांव की ओर जा रहे थे। इसमें कुछ लोग सीतापुर के रहने वाले भी थे। वे फसल कटाई के लिए यहां आए थे। हादसे के बाद घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से 8 घायलों का इलाज बहादुरगढ़ ट्रामा सेंटर में चल रहा है, जबकि बाकी गंभीर रूप से घायल मजदूरों को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। घायलों में कई महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 5 दिनों में 21 मौतें

### बीएमसी सतर्क, सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर



**मुंबई :** महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश का कहर लगातार जारी है। इस बीच राज्यभर में अलग-अलग जिलों से दुर्घटनाओं और हादसों की खबरें आ रही हैं। 15 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक के 5 दिनों में राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 21 लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 लोग घायल हुए। इसके अलावा 11 पशुओं की भी मौत हुई है।

जिलावार जानकारी के अनुसार, नांदेड में 7 लोगों की मौत हुई है। मुंबई उपनगर और यवतमाल में दो-दो लोगों की जान गई। इसके अलावा नागपुर, वाशिम, बुलढाणा, अमरावती, भंडारा, अकोला, बीड, मुंबई सिटी, रायगढ़ और सिंधुदुर्ग में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

लगभग 5 दिन से पूरे महाराष्ट्र में बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। भारी जलभराव, यातायात अवरोध और लोगों के घरों में पानी घुसने की घटनाओं से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। इस बीच मुंबई मोनोरेल सेवा भी बाधित हुई थी, जो अब दोबारा बहाल कर दी गई है। ठाणे जिले के भिवंडी शहर में बीते दो दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने हालात बिगाड़े हैं। 18 अगस्त को 147 मिमी और 19 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक 126 मिमी बारिश दर्ज की गई। सबसे बुरी स्थिति खडिपार इलाके में देखने को मिली, जहां घरों के अंदर तक पानी घुस गया।

इसके अलावा, मीरा-भायंदर वसई-विरार में भी बारिश ने हाल बेहाल किया है। पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले तुलिंज पुलिस स्टेशन में भारी बारिश के कारण पानी दफ्तर तक पहुंच गया। नालासोपारा के अन्य इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

पालघर जिले में लगातार बारिश के कारण नदियों और बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सूर्या परियोजना के धामणी और कवडास बांधों से सूर्या नदी में 17,000 क्यूसेक पानी का विसर्जन शुरू हो गया है। साथ ही, मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले मध्य वैतरणा, तानसा और मोडकसागर बांधों से भी पानी छोड़ा जा रहा है।

प्रशासन ने नदी किनारे के गांवों को सतर्क रहने का अलर्ट जारी किया है। एहतियात के तौर पर जिले के सभी स्कूल और कॉलेजों को छुट्टी दे दी गई है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य में हो रही भारी बारिश को लेकर जनता से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सरकार लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है और पुलिस अलर्ट पर है। उन्होंने यह भी बताया कि चेंबूर में मोनोरेल रेस्क्यू के तहत लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। उपमुख्यमंत्री ने जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की।

## अमेरिकी टैरिफ से मुकाबले को साथ आया रूस

**नई दिल्ली :** अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ के बीच रूस का बड़ा बयान है। रूस का कहना है कि यदि किसी देश में भारतीय उत्पादों पर रोक लग रही है तो रूस के बाजार में उनका स्वागत है। भारत में रूसी मिशन के डिप्टी चीफ रोमन बाबूश्किन ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अर्थव्यवस्था को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया है, लेकिन उसे यह ध्यान रखना चाहिए कि दोस्त कभी पाबंदियां नहीं लगाते। रूस कभी इस तरह की पाबंदियां नहीं लगाएगा।

न्यूज ब्रीफ



## एनजीटी का नदियों से बालू का उठाव पर रोक का कोई प्रभाव नहीं

**सिल्ली :** एनजीटी ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगाई है इसका उद्देश्य मानसून के दौरान नदियों के पारिस्थितिक तंत्र को बचाना है।लेकिन यह आदेश प्रभावी नहीं दिख रहा है, शाम ढलते ही राढू नदी के झाबरी, हजाम, पतराहातु, पोगड़ा आदि बालू घाटों से बालू का अवैध उठाव व ढूलाई शुरू हो जाता है।सिल्ली, जोन्हा, टाटीसिलवे, मिलन चौक,कोकर आदि जगहों से अनेकों टिप्पर हाइवा व ट्रैक्टर इन घाटों में पहुंच जाते है जहां स्थानीय बालू माफियाओं के द्वारा मनचाहा दामों पर अवैध बालू लोड दिया जाता है। सरकार की राजस्व नुकसान व नदियों और पुलों को खतरा तथा पर्यावरण की नुकसान से बालू माफियाओं को कोई मतलब नही।स्थानीय लोग कहते है कुछ मामलों में, प्रशासन ने अवैध बालू उठाव के खिलाफ कार्रवाई की है, जैसे कि ट्रैक्टरों को जब्त करना, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

## भारी बारिश से जल जमाव के कारण रायकोचा के कई लोगों का गिरा घर



**सिल्ली :** क्षेत्र में लगातार हुई भारी बारिश से जल जमाव के कारण सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोडाडीह पंचायत के ग्राम रायकोचा निवासी रघु महतो पुसूवा महतो रविलाल महतो प्रकाश महतो नारायण महतो एंव सुनीता देवी का मिट्टी घर गिर गया है, तथा और कई घर गिरने का कगार में है। वही इसको लेकर पीड़ित लोगों ने अंचलाधिकारी सिल्ली को इसकी लिखित जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगायी है। सीओ ने पीड़ितों को जांच के बाद इस समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया है। पीड़ितों ने बताया की जल जमाव का मुख्य कारण गांव के कुछ लोगों द्वारा नाला को बंद कर दिया जाना है।

## महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण का माध्यम महिला हेल्पलाइन नम्बर 181

**दुमका :** 181 महिला हेल्पलाइन नम्बर महिलाओं को सुरक्षा और विभिन्न तरह की सहायता प्रदान करने के लिए 24७७ क्रियाशील है ' महिलाओं को तत्काल आपातकालीन सहायता, कानूनी सलाह, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, तथा विभिन्न सरकारी व सामाजिक संस्थाओं से जुड़ने का माध्यम प्रदान करती है।

महिलाएं, हेल्पलाइन नंबर 181 के माध्यम से महिलाएं उत्पीड़न, हिंसा, घरेलू कलह, दहेज विरोधी शिकायत, छेड़खानी जैसी घटनाओं पर शिकायत दर्ज करवा सकती हैं ' शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कारवाई की जाती है '

इस सेवा का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षात्मक और कानूनी सहायता प्रदान कर उनके जीवन को सुरक्षित और सशक्त बनाना है। 181 हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत या समस्या दर्ज किये जाने पर पुलिस, अस्पताल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर भी महिला को सहायता उपलब्ध कराया जाता है '।

## जिरवाबाड़ी पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**साहिबगंज:** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघी संथाली टोला में एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा था इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।गठित टीम के द्वारा प्राप्त सुचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए घोघी संथाली टोली के ग्रामीणों के सहयोग से एक व्यक्ति विनोद सिंह को एक अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।जिसकी जानकारी सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

## बीमारी से महिला की मौत, मजदूर नेता ने की मदद

**खलारी :** खलारी प्रखंड के चूरी मध्य पंचायत अंतर्गत लम्बा धौड़ा बस्ती निवासी बिपती देवी की मृत्यु कुछ दिन पूर्व बीमारी के कारण हो गई। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी मृतका के घर पहुंचे और शोक संतप्त स्वजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से भी मदद की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में सहयोग करना हर इंसान का फर्ज है। गरीब और जरूरतमंद की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे जरूरतमंद परिवार की मदद करते रहेंगे। बस्ती के ग्रामीणों ने मजदूर नेता के इस कदम की सराहना की।

## मांडर टोल प्लाजा मैनेजर के खिलाफ शिकायत

**मांडर :** मांडर स्थित एनएच-39 मार्ग के टोल प्लाजा मैनेजर आरएस यादव के दुर्व्यवहार से आक्रोशित होकर मंगलवार को उपायुक्त रांची व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं थाना प्रभारी मांडर के अधिकारियों को पत्रकार रहमतुल्लाह अंसारी ने लिखित शिकायत पत्र सौंपी है। पत्रकार रहमतुल्लाह अंसारी का आरोप है कि टोल प्लाजा मैनेजर द्वारा वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के साथ अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मैनेजर का रवैया मनमाना और असंवेदनशील है, जिससे आए दिन टोल प्लाजा पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से उचित कार्रवाई करते हुए मैनेजर हटाने की मांग की है।

# रिया तिर्की बनीं मिस यूनिवर्स झारखंड 2025

संवाददाता

**रांची:** झारखंड की प्रतिभाशाली युवती रिया तिर्की ने अपनी सुंदरता, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व के दम पर मिस यूनिवर्स झारखंड 2025 का ताज अपने नाम कर लिया है। इस प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट में रिया ने प्रदेश की 20 प्रतियोगियों को पछाड़ते हुए यह खिताब जीता। इस उपलब्धि के साथ ही रिया अब मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। अगर वो यहां भी बाजी मारती हैं तो उन्हें थाईलैंड में आयोजित होने वाले मिस यूनिवर्स 2025 में भारत का परचम लहराने का मौका मिलेगा।



**प्रतियोगिता में दिखा आत्मविश्वास और प्रतिभा :** इस आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को कई चरणों से गुजरना पड़ा, जिनमें रैंप वॉक, टैलेंट शो, प्रश्नोत्तर और व्यक्तित्व प्रदर्शन शामिल रहा। रिया तिर्की ने हर राउंड में अपने आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। निर्णायक मंडल ने उनकी प्रस्तुतियों को सबसे संतुलित और प्रभावी करार देते हुए उन्हें विजेता घोषित किया।

**झारखंड के लिए गर्व का क्षण :** रिया तिर्की की जीत से पूरे झारखंड में खुशी की लहर है। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने कहा कि झारखंड की बेटियां लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं और रिया तिर्की की यह उपलब्धि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा साबित होगी। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अब अगला पड़ाव :** इंडिया लेवल मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में अब रिया को देशभर से चुनिंदा विजेताओं से मुकाबला करना होगा। यहां से चयनित विजेता थाईलैंड में होने वाली मिस यूनिवर्स 2025 की भव्य प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे बड़ा अवसर है और वे राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी।

**रिया का सपना :** रिया तिर्की ने खिताब जीतने के बाद कहा कि मैं यह मुकाम पाकर बेहद खुश हूं। यह सिर्फ मेरी नहीं, पूरे झारखंड की जीत है। अब मेरा सपना है कि मैं इंडिया लेवल और फिर इंटरनेशनल लेवल पर भी अपने राज्य और देश का नाम रौशन करूं।

## जिले के सभी अंचलों में राजस्व से जुड़े मामलों के निष्पादन की गति को बनाए बेहतर : उपायुक्त



संवाददाता

**देवघर :** जिले केउपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार कक्ष में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, भू-हस्तांतरण, भू-अर्जन से जुड़ी विभिन्न विषयों के साथ राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व से जुड़े विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा ने देवघर बासुकीनाथ फोर लेन कार्य में हो रही देरी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने आरसीडी शहरजोरी मोड़ (एम०डी०आर०- 222 पर) आसनबनी-अलगबरा-दुमदुमी-दनरबाद-करौं तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, चितरा (ठाढ़ी) से मिश्राडीह (सारठ) भाया विरमाटी पथ निर्माण परियोजना, सिकिटिया-जियाखाड़ा-मनीगढ़ी पथ निर्माण एवं मजबूती कार्य हेतु एवं करौं-चांदचौरा-केन्दवरिया-आसनबनी-बुढ़ीकुरा पथ पुनर्निर्माण परियोजना के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग-114ए (कि०मी० 141।100 से 184।00) तक के कार्य अंतर्गत उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कार्यों को आपसी समन्वय के साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ मधुपुर बाईपास नई बि।जी रेल लाइन परियोजना कार्य मे हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को रेलवे से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री लकड़ा द्वारा उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हूए सभी अंचलाधिकारी को निदेशित किया गया कि न्यायालय से संबंधित मामलों को लंबित ना रखे बल्कि प्रथमिक्ता के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निष्पादित मामलो की अद्यतन स्थिति से उपायुक्त, अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराएँ। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी को निदेशित किया कि उनके द्वारा अपने अंचल अंतर्गत सरकारी भूमि का अवैध या फिर गलत तरीके से प्रयोग ना होने पाए इस हेतु पंचायत सेवक, अंचल निरीक्षक, मुखिया आदि को उपरोक्त जमीन का जिम्मेदारी दें एवं समय-समय पर स्वयं भी सरकारी भूमियों का निरीक्षण करते रहे, ताकि किसी तरह का अवैध निर्माण न किया जा सके।

बैठक में डीएफओ अभिषेक भूषण, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, मधुपर राजीव कुमार, जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता अमर प्रसाद, रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर, आरसीडी, नेशनल हाइवे, एनएचआई के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## सूर्या हांसदा हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच करने की मांग



संवाददाता

**दुमका :** झारखंड क्रांति सेना संगठन ने मंगलवार को जिले के उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सूर्या हांसदा हत्याकांड मामले में सीबीआई जांच के लिए अनुशंसा हेतु मांग- पत्र सौंपा।

संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अमर मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार से इस मामले में सूर्या का कथित एनकाउंटर किया गया इससे पुलिसिया कार्रवाई संदेहास्पद प्रतीत होता है, अगर हम निष्पक्ष और पारदर्शी जांच चाहते हैं तो यह मामला मुख्यमंत्री को सीबीआई के पास सौंप देना चाहिए। संगठन के केंद्रीय महासचिव निखिल मुर्मू ने कहा कि जिस तरीके और परिस्थिति में इस कथित एनकाउंटर को गोड्डा पुलिस द्वारा अंजाम दिया गया यह कई सारे आरोप, सवाल और संदेह उत्पन्न कर रहे हैं। चूंकि तमाम राजनीतिक पार्टियां,जनसंगठन और जनमानस की मांग है कि इस मामले में सही और निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा ही संभव है। झारखंड पुलिस या उनके किसी भी विभाग पर अब आम जनता का भरोसा नहीं हो रहा। विपक्ष के तीन-तीन मुख्यमंत्री, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के पार्टी भी सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।

मौके पर राजू हांसदा, अमित मुर्मू, प्रेम हांसदा, फ्रांसिस मुर्मू, अरविंद टुडू, किरण टुडू आदि संगठन का सदस्य उपस्थित थे।

## सुदेश से मिल प्रतिनिधिमंडल, भेंट की पुस्तक

संवाददाता

**रांची :** आजसू सुप्रीमो सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से मुकुंद चंद्र मेहता की अगवाई में एक प्रतिनिधि मंडल भेंट किया। इस मुलाकात में झारखंड के 32 जनजातियों की भाषा- संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपरा पर जमीनी स्तर पर शोध कर उसे पुस्तक का रूप में प्रकाशित करने की बात हुई। सुदेश महतो ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए यहां की सभ्यता-संस्कृति और धरोहरों को संरक्षित-संवर्धित करना बहुत जरूरी है। इस कार्य की अगुवाई पुरातत्व विद डॉ हरेंद्र सिन्हा करेंगे। इस अवसर पर सुजीत कुमार केशरी ने अपनी लिखी दो पुस्तकें कहानी पिठोरिया की व ऐतिहासिक गांव सुतियांबेगढ़ और संपादित दो पुस्तकें सह यात्रियों की नजर में डॉ बीपी केशरी व केशरी काव्यांजलि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को भेंट की। वहीं पिठोरिया क्षेत्र में मैट्रिक, इंटर और ऊंची शिक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों का स्वागत करने का निर्णय लिया गया। प्रतिनिधि मंडल में सुजीत कुमार केशरी, नयन केशरी संजीत कुमार, बबलू मिश्रा,सचित राणा, कैलाश नायक, पंचू नायक, कृष्णा नायक और शिवम सिंह उपस्थित थे।

## अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त हुआ युवक

संवाददाता

**चान्हो :** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई और सतर्कता का परिचय देते हुए अपहरणकताओं के चंगुल से पंडरी गांव निवासी 19 वर्षीय शफी अहमद को छुड़ा लिया गया। सोमवार की शाम एक ऑटो चालक शफी अहमद के ऑटो और कार में ठोकर लग जाने के विवाद के बाद एक्सयूवी के डिकी में बंद करके अपहरणकताओं के द्वारा युवक को अपहरण कर लिया गया था। जिसकी जानकारी परिजनों को द्वारा चान्हो पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पुलिस बिना देर किए छापेमारी अभियान शुरू की और मध्य रात्रि युवक को लातेहार के सतबरवा से बरामद कर लिया है।अपहरणकताओं के द्वारा युवक के परिजनों से डेढ़ लाख रुपए की मांग भी की गई थी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अपहरणकताओं के चुंगल से युवक को छुड़ा लिया गया। अपहरणकर्ता फरार हैं उनकी छापेमारी के लिए पुलिस लगातार जुटे हुए हैं। जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

# हरमू रोड श्याम मंदिर में जया एकादशी मनी



संवाददाता

**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भादो कृष्ण पक्ष की जया एकादशी पर मंदिर में भक्तों ने बाबा श्याम के श्यामल रूप के दर्शन किये। अध्यक्ष गोपाल मुरारका के सानिध्य में श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा को बेंगलुरु से मंगाये गये लाल व पीला गुलाब, ऑर्किड, कोलकाता की तुलसीदल, रजनीगंधा, कमल, लाल गेंदा की मोटी मालाओं से सजाया गया। विश्राम आरती के बाद पट लगाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात को हुआ। संकीर्तन कार्यक्रम गणेश वंदना से शुरू हुआ। गणेश वंदना, गुरु वंदना, हनुमान जी की वंदना, रानी सती दादी जी की वंदना और बाबा श्याम की वंदना की गयी। ग्यारस संकीर्तन का संचालन मंडल के कोषाध्यक्ष मनोज खेतान ने किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया, अशोक लड़ियां, मंत्री पंकज गाड़ोदिया, विष्णु चौधरी, उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया, रोहित अग्रवाल, राजेश चौधरी, राजेश ढ़ांढ़निया, स्नेह पोद्दार, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, लोकेश जालान, सर्वेश अग्रवाल आदि मौजूद थे। 167वां श्री सुंदरकांड हनुमान चालीसा : श्याम मंदिर में मंगलवार को 167वां सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ हुआ। महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर भोग अर्पित किया गया।

## 8वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

संवाददाता

**रांची :** हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम, खेलगांव तीन दिनों तक राष्ट्रीय थ्रोबॉल खिलाड़ियों की प्रतिभा से गूंजता रहा। 16 से 18 अगस्त तक आयोजित 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का मंगलवार को भव्य समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई 25 राज्यों की महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

**प्रतियोगिता का परिणाम**

**पुरुष वर्ग विजेता :** हरियाणा, उपविजेता : छत्तीसगढ़, कांस्य पदक : मुंबई एवं कर्नाटक

महिला वर्ग विजेता : छत्तीसगढ़, उपविजेता : झारखंड, कांस्य पदक : मुंबई एवं कर्नाटक

झारखंड की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपराजित रही और फाइनल में छत्तीसगढ़ से हारकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया।

समापन समारोह में खिजरी विधायक राजेश कच्छप बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएलकेएम पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज शामिल हुए। ऑल इंडिया थ्रोबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष रमन साहनी, झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ। राजेश गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष वेदांत कौस्तव, संघ की उपाध्यक्ष विजेता वर्मा, आयोजन सचिव जमील अंसारी सहअतिथियों ने खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब पुरुष वर्ग में सोनू (हरियाणा) तथा महिला वर्ग में आकांक्षा (छत्तीसगढ़) को दिया गया। इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का अवार्ड महिला वर्ग में झारखंड की प्रमिला सोरेन एवं पुरुष वर्ग में पुडुचेरी के एम। संतोष को गया। अरुणाचल प्रदेश की टीम को बेस्ट अनुशासित टीम, झारखंड को बेस्ट ड्रेसअप एवं पश्चिम बंगाल को बेस्ट मार्च पास्ट करने वाली टीम का अवार्ड दिया गया।

## डीएओ ने खाद व बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**चान्हो :** मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर सिंह ने प्रखण्ड के विभिन्न खाद और बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इसमें न्यू किसान बीज भंडार चान्हो , तंजील खाद भंडार चान्हो, किसान बीज भंडार लुंडरी शामिल है। इन प्रतिष्ठानों में खाद और बीच का नमूना भी लिया गया तथा टीम द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता तथा अभी तक की बिक्री का भी बुरा लिया गया। बताते चले की यूरिया का सरकारी रेट 266।5 रुपया प्रति बोरा है जिसमें 45 किलो का वजन होता है। वहीं डी ए पी का दर प्रति बोरा 1350रु होता है जिसमें पचास किलो वजन होता है। इसमें मुख्य रूप से जिला अनुभाजन और मूल्यांकन पदाधिकारी अनिमेष दास, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी शामिल थे।

# राजीव गांधी के योगदान को देश कभी नहीं भूल पाएगा : केशव महतो कमलेश



**संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता,ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीत यादव के सौजन्य से राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचईसी सेक्टर 2 धुर्वा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जन्म जयन्ती आज वरिष्ठ धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ,विधायक सोनाराम सिंकू, अभिलाष साहू,परवेज आलम,मेंहुल दूबे ,शशि भूषण राय,राजेश कुमार यादव, अनिकेत कुमार उपस्थित होकर सभी ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया,दीप प्रज्वलित किया और राजीव गांधी के किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि राजीव जी आधुनिक भारत के निमार्ता थे।पूरे परिसर में राजीव गांधी अमर रहे,जब तक सूरज चांद रहेगा राजीव तेरा नाम रहेगा नारों से गूंजता रहा। माल्यार्पण के उपरांत श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि केशव महतो कमलेश ने कहा कि नेहरू जी ने जिस समाजवादी समाज की कल्पना की थी उसे साकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कांग्रेस और नेहरू जी का स्वप्न था कि संसाधनों के दोहन और धन के संचय के साथ-साथ उसके सही वितरण पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस बात पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति दैनिक भोगी मजदूर, सीमांत कृषक, दलित, सभी तक उसका वितरण हो। उसके द्वारा ही नेहरू जी के सोशलिस्टिक पैटर्न ऑफ सोसाइटी की कल्पना साकार की जा सकती है।

स्वर्गीय राजीव गांधी के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आज भी प्रासंगिक है और आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे। वह विज्ञान और बदलाव के हमेशा से समर्थक रहे थे, आज जो घर-घर में मोबाइल है वह दूर संचार क्रांति, आर्थिक नीतियों पर बात हो तो नवीन आर्थिक नीति, शिक्षा के क्षेत्र में सामान्य जनों को कम पैसे में शिक्षक देने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना जैसी अनेक चीज हैं जिन्हें समाज कभी भुला नहीं सकता और उनका यही गुण है कि माननीय राजीव गांधी जी बदलाव के समर्थक रहे और हर समय में,अतीत में भी प्रासंगिक थे हैं और भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे।

# रांची में गणेश पूजा की तैयारियां जोरों पर



**संवाददाता**

**रांची :** हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश चतुर्थी मनाया जाता है। इस साल गणेश चतुर्थी का त्यौहार 27 अगस्त से शुरू हो रहा है। रांची में भी गणेश पूजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। शहर के अपर बाजार, स्टेशन रोड, हरमू, मेन रोड, चुटिया, डोरंडा, रातु रोड, लालपुर समेत अन्य स्थानों पर भव्य पंडाल बनाए जा रहे हैं।

**पूजा पंडालों की सजावट व प्रतिमा निर्माण अंतिम चरण में :** गणेश पूजा की रौनक अब नजर आने लगी है। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। भगवान गणेश की भव्य प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा पंडालों की सजावट भी अंतिम चरण में है। इस बार पूजा में भक्तों को भव्यता और नवाचार दोनों का संगम देखने को मिलेगा।

**भगवान गणेश की विष्णु रूप वाली प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र :** इस बार पूजा पंडालों में छोटी-बड़ी और विभिन्न आकृतियों वाली गणेश प्रतिमाएं भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करेंगी। लेकिन भगवान गणेश की विष्णु रूप वाली प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी ।

रातु रोड, पिस्कामोड़ और लालपुर में गणेश भगवान की सबसे छोटी प्रतिमा बनाई जा रही है, जो ढाई फीट की है। वहीं 13 फीट की सबसे ऊंची प्रतिमा भी लगभग तैयार हो चुकी है। अब केवल रंग-रोगन का काम बाकी रह गया है।

**शाही सिंहासन पर विराजमान होंगे भगवान गणेश :** मूर्तिकारों ने इस बार गणेश भगवान को अलग-अलग रूपों में दिखाने का प्रयास किया है। विष्णु रूप में भी गणेश की प्रतिमा भी बनाई जा रही है। मूर्तिकारों ने भगवान गणेश को चार भुजाओं में सुसज्जित शाही सिंहासन पर विराजमान रूप में गढ़ा है। सिंहासन के दोनों ओर शेर की मूर्तियां होंगी और चरणों में चूहा श्रद्धा में नतमस्तक दिखेगा।

**मां लक्ष्मी और गणेश का संयुक्त स्वरूप रहेगा आस्था का केंद्र :** इसी तरह एक अन्य प्रतिमा में मां लक्ष्मी और गणेश का संयुक्त स्वरूप देखने को मिलेगा, जो भक्तों के लिए विशेष रूप से आस्था और आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसके अलावा भी 20 प्रकार की अलग-अलग प्रतिमाएं पूजा पंडालों में देखने को मिलेंगी।

# सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी ने हफीजुल से की मुलाकात



**संवाददाता**

**रांची :** सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटीके तत्वावधान में एक प्रतिनिधि मण्डल एदारा ए शरीया झारखंड के नाजिम ए आला मौलाना कुतूबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन , महासचिव अकीलुर्रमान, प्रवक्ता मो।इसलाम के संयुक्त रूप से अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से उनके निवास स्थान में जाकर मिला और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सामूहिक दुआ की ।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने आगामी जश्ने ईद मीलादुन्नबी के मौके पर सुन्नी बरैलवी सेंट्रल कमिटी के तत्वावधान में रांची में निकले जाने नवाले जुलूस ए ईद मीलादुन्नबी में शामिल होने की दावत दी गई। उक्त कार्यक्रम के सफलता की कामना करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने आमंत्रण को स्वीकार किया।

प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य रूप से मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी,डॉ मौलाना ताजुद्दीन रिजवी ,कारी अय्यूब रिजवी,मुफ़्ती जमील,मौलाना नेजमुद्दीम,शहर काजी मौलाना मसूद फरीदी,अकीलुर्रहमान, मो इसलाम, मौलाना अब्दुल्लाह खान,मो इश्तियाक,मो। मोईज शामिल थे।

### झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव का आयोजन 22-23 अगस्त को

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवाल करेंगे कॉन्क्लेव का उद्घाटन

### 250 से अधिक प्रतिनिधि, 20+ कॉर्पोरेट हाउस, 100+ एनजीओ और 10 विश्वविद्यालय होंगे शामिल

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 22झ23 अगस्त को होटल रेडिशन ब्लू में होगा। यह आयोजन मिशन ब्लू फाउंडेशन, आईडिएट इंस्पायर इग्नाइट (आई3) फाउंडेशन और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। कॉन्क्लेव का थीम ₹सीएसआर फॉर सस्टेनेबल ग्रोथः ब्रिजिंग इंपैक्ट एंड इनोवेशन₹ है।

इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव का उद्देश्य सीएसआर को झारखंड की विकास प्राथमिकताओं से जोड़ना और समाज के सबसे निचले पायदान तक प्रभाव पहुंचना है। कॉनक्लेव के पांच मुख्य फोकस क्षेत्र है, इनमें रिसर्च और इन्क्यूबेशन, नवाचार और स्टार्टअप्स को सीएसआर से जोड़ना, आदिवासी सामुदायिक विकास, आदिवासी समाज की आजीविका और सशक्तिकरण,




खेल एवं कला-संस्कृति, स्थानीय प्रतिभा और परंपरा को बढ़ावा, स्वास्थ्य और शिक्षा गुणवत्तापूर्ण जीवन और शिक्षा तक पहुंच तथा इंडस्ट्री, अकादमिक, गवर्नमेंट इंटरफेस, साझेदारी और नीति संवाद करना है। मिशन ब्लू फाउंडेशन के निदेशक डॉ पंकज सोनी ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि कार्यक्रम में 250 से अधिक प्रतिनिधि, 20+ कॉर्पोरेट हाउस, 100+ एनजीओ और 10 विश्वविद्यालय शामिल होंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवाल झारखंड कॉन्क्लेव का उद्घाटन करेंगे। इसमें पिचिंग सेशन, कॉर्पोरेट प्रेजेंटेशन, पैनल डिस्कशन, ओपन फोरम डिबेट, एमओयू साइनिंग, नेटवर्किंग और सीएसआर अवॉर्ड्स होंगे। कॉन्क्लेव के ब्रांड एम्बेसडर पद्मश्री तीरंदाज दीपिका कुमारी, चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के बैद्यनाथ कुमार और जिला परिषद, डुमरिया की पार्वती मुंडा है। रजिस्ट्रेशन और विस्तृत जानकारी के लिए झारखंड सीएसआर के वेबसाइट पर देखें।




# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंश ने जीता स्वर्ण पदक

**रांची :** अंश प्रजापति ने हाल ही में आयोजित राज्यस्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता आर।पी मोदी इंटरनेशनल हाइ स्कूल तिलैया में आयोजित की गई थी, जिसमें अन्य जगहों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

अंश प्रजापति ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देते हुए जीत हासिल की। उनकी जीत न सिर्फ कोच और परिवार को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। उनके शिक्षको ने कहा, यह सफलता अंश की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। वह आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अंश ने जीत के बाद कहा, यह मेरे माता-पिता, कोच और दोस्तों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। मेरा अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर और फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतना है।

# गांधीनगर अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सीय शिविर 22 को

**रांची :** सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर में शुक्रवार को सुबह 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ। राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/ जांच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाएं। सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हुई भगवान का आराधना

**रांची :** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में भादो कृष्णपक्ष की 'अजा ' एकादशी मंगलवार को भगवान वेंकटेश्वर से वर पाने की अभिलाषा वाले भक्तों की कतार लगी रही। शान्तस्वरूप जगत्पालक श्रीविष्णु बालाजी की सेवा करके सचमुच ही मनुष्य समस्त तप ,सम्पूर्ण धर्म तथा परम उत्तम यश एवं कीर्ति को प्राप्त कर लेता है। उन परमात्मा सर्वेश्वर श्रीवेंकटेश्वर को दिनभर श्रद्धालुओं नें अष्टोत्तर शतनामावली मंत्रों से अर्चना की। भगवान के दोनों पार्श्व में सर्वसहा , कोमलांगी, दया क्षमा, ऐश्वर्य और धृति के स्वरूप महालक्ष्मी श्रीश्रीदेवी और भूमिदेवी की अनुकम्पा प्राप्ति के लिए कुंकुम से अष्टोत्तर शतनाम की अर्चना की। श्रद्धालु 1008 नाम मंत्रों से (श्रीविष्णु सहस्त्रनाम) अर्चना निरंतर एक के बाद एक कराते रहे। श्रीनिवासा गोविंदा, श्रीवेंकटेशा गोविंदा, वेंकट रमना गोविंदा भवभय हरणा गोविंदा और श्रीमन्नारायण नारायण हरि-हरि के धुन सुन लोग नाचते झूमते परिक्रमा कर रहे थे। आज दिनकर के भोग का सेवा अनीश-सोनिया अग्रवाल की ओर से लगाया।अर्चक में सत्यनारायण गौतम , गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। मौके पर राम अवतार नरसरिया,अनूप अग्रवाल,प्रदीप नरसरिया,घनश्याम दास शर्मा,गौरीशंकर साबू,रंजन सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सहायक आचार्य के 111 अभियार्थियों की हुई काउंसलिंग

**रांची :** रांची समाहरणालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य, कक्षा 6-8 के भाषा शिक्षक पद के लिए कुल 111 अभियार्थियों की काउंसलिंग आयोजित की गई। पूरी काउंसलिंग की प्रक्रिया उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री द्वारा नियुक्त नोडल पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू, अपर समाहर्ता, नक्सल की अध्यक्षता में की गई। जिसमें कुल 111 अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग के लिए बुलाया गया था। जिसमे सभी 111 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पूरी काउंसलिंग प्रक्रिया दो पाली में पूर्ण की गई। इस पूरी प्रक्रिया में जिला शिक्षा अधीक्षक, श्री बादल राज उपस्थित रहे तथा काउंसलिंग की प्रक्रिया को सरल बनाये रखने में अपना योगदान दिया ।

# 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होगा कार्यक्रम

**रांची :** प्रदेश भाजपा आगामी 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने यह जानकारी दी। इस संबंध में गठित प्रदेश टोली की बैठक प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों,अभियानों की विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन है जिसे सेवा दिवस के रूप में पार्टी कार्यकर्ता मनाएंगे। कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान ,रक्त दान शिविर ,दिव्यागजन सहायता उपकरण वितरण,वृक्षारोपण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी और विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद,गणेश मिश्र,सुनीता सिंह,सरोज सिंह,शशांक राज, अमरदीप यादव,आरती सिंह,किशुन दास,नारायण दास,जीतुचरण राम, कुमार अमित,राकेश भास्कर, अमित सिंह,डॉ रामदीन,बबन गुप्ता,रूपेश सिन्हा,अविनाश वर्मा,सागर उरांव,राजेश कुशवाहा, अशोक शर्मा,आदि शामिल रहे।

### विधि व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने की बैठक, कहा

# अवैध बालू खनन व छिनतई करने वालों पर करें कार्रवाई

रांची। विधि व्यवस्था को लेकर डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी और डीएसपी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी ने पिछले महीने दिए गए निदेर्शों की सभी थाना प्रभारियों से बारी-बारी से समीक्षा की गई।

आगामी महीने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। जिनमें खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध, काली फिल्म वाली गाड़ियों पर कार्रवाई, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा, अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, छिनतई की घटनाओं पर रोक, संगठित अपराध गिरोहों पर नजर, लंबित वारंट का निष्पादन, पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन शामिल है। इसके अलावा एसएसपी ने पिछले एक साल में जेल से छूटे अपराधियों के सत्यापन पर भी चर्चा किए। साथ ही छिनतई, बलात्कार, पॉक्सो, चोरी, लूट और संपत्ति से जुड़े अन्य अपराधों का पदार्फाश करने पर जोर दिया गया। जुआ और शराब के अड्डों पर छापामारी करने के लिए भी निर्देश दिए गए। अनुसंधान नियंत्रण में लंबित संपत्ति अपराधों और यूडी मामलों की समीक्षा की गई और उनके निपटारे की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए गए।

# अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में अजा एकादशी मना

**रांची :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को अजा एकादशी उत्सव श्रद्धा भाव से आयोजित किया गया। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी।

मौके पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही, बेला, रजनीगंधा, गुलाब एवं तुलसी दल की मालाओं से शृंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी विशेष शृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा, फल, खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, माधव सारस्वत, गौरव परसरामपुरिया, प्रदीप अग्रवाल, अजय साबू, ज्ञान प्रकाश बागला, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा ।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमो के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रो में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है:- **ई-निविदा सूचना सं. 2025-26: 10 कार्य का नाम व स्थान:** Development of customer facilities at goods shed at Tilwara station. **अनुमानित लागत रूपये:** 10,42,11,831.43 **बयाने की राशि रूपये:** 6,71,100.00 निविदा सूचना संख्या GSU10of2025-26 निविदा खुलने की अंतिम तिथि 08-09-2025 को 15.00 बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है- www.ireps.gov.in

1028-PM/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# इस्मा के प्रशिक्षकों ने बनाई रणनीति




**संवाददाता**

**रांची :** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स (इस्मा) की आवश्यक बैठक सिहान विमल आनंद नाग मुख्य तकनीकि निर्देशक इस्मा के अध्यक्षता में स्थानीय वाईएमसीए कांटा टोली रांची में हुआ जिसमें निर्णय लिया गया कि पिछले दिनों दिए गए कराटे ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग में उत्तीर्ण प्रथम डॉन से पांचवां डॉन ब्लैक बेल्ट तक को दिनांक 24 अगस्त 2025 को वाईएमसीए कांटा टोली रांची में सम्मान समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र और बेल्ट प्रदान किया जाएगा।और एक दिवसीय काता ट्रेनिंग शिविर लगाया जाएगा।दिनांक 28 अगस्त को सभी प्रशिक्षक स्टाईल शुको काई के राष्ट्रीय शिविर उत्कल कराते स्कूल द्वारा आयोजित में हिस्सा लेने के लिए उड़ीसा के भुवनेश्वर रवाना होंगे। मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता झारखंड (कैज)में जिला के प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी हिस्सा लेंगे इसके लिए दिनांक 5 सितंबर को रांची से जमशेदपुर रवाना होंगे और तीन दिवसीय प्रतियोगिता में इस्मा के खिलाड़ियों द्वारा अधिक से अधिक पदक प्राप्त करने के लिए सभी डोजो में प्रतिदिन काता और कुमिते का अभ्यास कराया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से शिहॉन बिमल आनंद नाग,नौशाद खान,कलेवर कर्मकार,गुलाम गौस,गुलाम जावेद,जाकिर हुसैन,इबरार अंसारी, बेनेट मालिंगस,अनिल शर्मा, शशि सुमन,लालचंद लोहार,पिंटू कुमार, गुमन गाड़ी,राहुल सिंह, शिल्पिता बनर्जी, सुष्मिता प्रियंका किस्पोट्टा,सहित

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम-अमीषा देवी, उम्र करीब-25 वर्ष, रंग-गोरी, ऊँचाई-05 फीट 4 ईंच,
पहनावा-आसमानी रंग का सलवार सूट एवं आसमानी रंग का दूपटा पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला अमीषा देवी, पति-युधिष्टिर साहू, सा0-जरियागढ़, जरियागढ, खूँटी, जिला-खूँटी जो दिनांक-05.08.2025 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर सनहा संख्या-15/2025, दिनांक-06.08.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID** (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। -9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर, राँची। -9431706158

**पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।**

PR 359817 (Police) 25-26 (D)

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## आवारा कुत्तों का संकट

यूं तो देश में आवारा कुत्तों के संकट को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली के आवारा कुत्तों को लेकर आए सख्त निर्देश ने इस बहस को नया मोड़ दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार व स्थानीय निकायों से कहा है कि सभी आवारा कुत्तों को आठ सप्ताह के भीतर आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाए। हालांकि, समस्या की व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर कई यक्ष प्रश्न हैं क्योंकि फिलहाल कुत्तों के लिये ऐसे आश्रय स्थल उपलब्ध नहीं हैं। निस्संदेह, जन सुरक्षा की चिताएं अपनी जगह जायज हैं। बताते हैं कि दिल्ली में रोजाना 2000 तक कुत्ते के काटने की घटनाएं होती हैं। साथ ही रेबीज के मामले भी बढ़ रहे हैं। लेकिन इस बड़ी समस्या का समाधान सिर्फ प्रतिक्रियात्मक नहीं होना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल देशभर में कुत्तों के द्वारा काटने के बाइस लाख मामले सामने आए हैं। निस्संदेह, यह एक जटिल चुनौती है और इसके समाधान के लिये एक दीर्घकालिक, तार्किक व परामर्शी रणनीति की आवश्यकता है। इस अभियान में नगर निकाय, पशु चिकित्सक, पशु कल्याण से जुड़े संगठनों और स्थानीय लोगों की भागीदारी जरूरी है। निर्विवाद रूप से इस संकट के मूल में असली समस्या खराब शहरी नियोजन,पशु जन्म नियंत्रण यानी एबीसी तथा टीकाकरण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से जुड़ी खामियों की है। देश के शहरों, कस्बों और गांवों के कूड़े के ढेर खुले बूचड़खानों के कचरे से भरे रहते हैं। जहां आवारा कुत्तों की आबादी फल-फूल रही है। नगर निकायों द्वारा वर्षों से चलाए जा रहे नसबंदी अभियान और रेबीज-रोधी टीकाकरण अभियान इन आवारा कुत्तों की संख्या को कम करने में विफल रहे हैं। निर्विवाद रूप से इस मद के लिये पर्याप्त बजट न होना और कर्मचारियों की कमी इन प्रयासों में बाधा डालती रही है। इस बीच सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर आए दिन टकराव देखा जाता रहा है। दरअसल, देश में पशु प्रेमियों की भी एक बड़ी आबादी है। भारत में पशु-पक्षियों के कल्याण व संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है। गाय व श्वान का ग्रास देना संस्कृति का हिस्सा रहा है। सोमवार को दिल्ली में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में भेजने के खिलाफ कुछ लोगों ने प्रदर्शन किया तो कुछ लोग हाथ में कई तख्तियां लिए हुए थे, जिसमें लिखा था कि काल भैरव सब देख रहे हैं। दरअसल, हिंदू मान्यताओं के अनुसार जीव संरक्षण के लिये हर देवी-देवता के साथ वन्य जीव, पशु-पक्षियों को दशार्या गया है। यहां तक कि श्राद्ध के अवसर पर गाय, कौवे व कुत्ते के लिये अन्न ग्रास निकाला जाता है। सदियों से मनुष्य के अंग-संग कुत्ता रहा है। कहा जाता है कि पांडवों के स्वर्गारोहण के वक्त उनके साथ एक श्वान चला था। लेकिन आज शहरों में फ्लैट संस्कृति में पालतू जानवरों की भूमिका खत्म होने से वे सड़कों पर आ गए। यहां सवाल उनके आक्रामक होने पर भी हैं। दरअसल, आम लोग मांसाहारी भोजन के अवशेष कचरे में फेंक देते हैं, जिससे उनमें आक्रामकता आती है। वहीं जानवरों में असुरक्षाबोध भी उन्हें आक्रामक बना देता है। दुनिया के तमाम छोटे-बड़े देशों ने इस समस्या के निवारण हेतु समाधान निकाले हैं। भारत जैसे विशाल देश में संसाधनों के अभाव में पशु कल्याण की प्राथमिकता व्यावहारिक नहीं है। विदेशों में पालतू कुत्तों को पालना भी बहुत महंगा है और सख्त कानूनों से संख्या का नियमन भी किया गया। वहां कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिये पुलिस बल तैनात किए गए हैं। साथ ही कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और लोगों को इन्हें गोद लेने के लिये प्रेरित करके समस्या का समाधान तलाशा गया। भूटान का उदाहरण सामने है जिसने व्यापक वित्त पोषित राष्ट्रीय अभियान के जरिये कुत्तों की पूर्ण नसबंदी का लक्ष्य हासिल किया। दरअसल, हमारे शहरों में एक एकीकृत मॉडल अपनाना चाहिए। जिसमें बड़े पैमाने पर नसबंदी व टीकाकरण का विस्तार शामिल हो। वहीं केवल निर्दिष्ट समय और आरडब्ल्यूए द्वारा प्रबंधित स्थानों पर कुत्तों का भोजन सुनिश्चित करना चाहिए। इसके अलावा अपशिष्ट प्रबंधन में भी सुधार करने की जरूरत है। साथ ही विभिन्न समुदायों को विरोधियों के रूप में नहीं, बल्कि भागीदारों के रूप में संगठित किया जाना चाहिए।

## अस्पतालों का मोहभंग

यह सरकार द्वारा वित्त पोषित, दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के लिये एक बड़ा झटका है कि हरियाणा के छह सौ से अधिक निजी अस्पतालों के मालिकों ने इस योजना से किनारा करने का मन बनाया है। निश्चित रूप से इतनी बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों का मोहभंग होना सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिये चिंता की बात ही कही जा सकती है। अस्पतालों की दलील है कि उन्हें पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निश्चय ही राजग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक खामियां ही उजागर हुई हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना में गंभीर रोगों का उपचार कराने वाले लोगों के प्रत्येक परिवार के लिये पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार का वायदा किया गया था। लेकिन अकसर निजी अस्पतालों की ओर से आरोप लगाया जाता रहा है कि इस योजना के तहत उपचार कराने वाले मरीजों के बिल का भुगतान कभी समय पर नहीं किया जाता है। निश्चय ही कोई योजना तब तक प्रभावी नहीं कही जा सकती, जब तक वह केवल कागजों तक ही सीमित रहती है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में आयुष्मान कार्डधारकों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाएं बंद हो जाएंगी। इस स्थिति में उन मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, जो गरीबी के चलते महंगे इलाज करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में उन्हें अपना या अपने परिजनों का कारगर इलाज करने में लंबे विलंब का सामना करना पड़ेगा। जाहिर बात है कि आयुष्मान योजना का लाभ न मिलने से मरीजों को मजबूरी में संसाधन विहीन सरकारी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ सकता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पताल पहले ही मरीजों के भारी दबाव को झेल रहे हैं और कई अस्पतालों में पर्याप्त व विशेषज्ञ चिकित्सकों का नितांत अभाव है। वहीं तमाम सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं की कमी अकसर बनी रहती है। वैसे सरकार की कल्याणकारी मंशा पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन समय पर योजना के लिये धन उपलब्ध न करा पाने की स्थिति निराशाजनक और नुकसान पहुंचाने वाली साबित हो सकती है। निस्संदेह, जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीज नौकरशाही की अड़चनों के कम होने का इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही गरीबी से जूझ रहे रोगी निजी अस्पतालों में उपचार नहीं करा सकते क्योंकि अधिक परिचालन लागत वाले अस्पताल बिना भुगतान के सेवाएं देने में असमर्थ हैं। निस्संदेह, यह संकट एक व्यापक मुद्दे की ओर इशारा करता है कि जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाते वक्त सावधानी, व्यावहारिक बजट और उसका कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन करना जरूरी है। ऐसे में समय पर धन आवंटन, नियमित ऑडिट और अस्पतालों व मरीजों के लिये एक शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये मजबूत तंत्र बनाया जाना चाहिए। इसके लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये अपने बजट में वृद्धि करनी चाहिए। यदि जीडीपी का सिर्फ दो फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च किया जाता रहा तो महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजनाएं हकीकत में लड़खड़ाती रहेंगी।

# बुजुर्ग बदल रहे अर्थव्यवस्था की चाल, चमकने लगी सिल्वर इकोनॉमी

भारत की इस बढ़ती अर्थव्यवस्था में समाज के एक ऐसे वर्ग का हाथ है, जिसे अब तक अनुत्पादक माना जाता रहा है। आज का 60 प्लस आयु वर्ग भारत में एक आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। यह समूह धन और उपभोक्ता खर्च के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित कर रहा है। हाल के वर्षों में बुजुर्ग पीढ़ी में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो मितव्ययिता और पोते-पोतियों की देखभाल पर केंद्रित घर-केंद्रित जीवनशैली की अपनी पारंपरिक छवि से हटकर नई छवि गढ़ रही है।

**हरीश शिवनानी**

अपने सनक भरे टैरिफ वार के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले दिनों जब भारत को डेड इकोनॉमी बताकर अतिरिक्त व्यापार कर थोप दिया तो भारत सहित दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों ने उनकी बात पर बहुत हैरानी जाहिर की। वजह कि, इस समय दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत ही है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था 6.4 से 6.7 फीसदी की दर से बढ़ रही है जबकि अमेरिका की 1.9 की दर से, यानी दो से भी कम। भारत की इस बढ़ती अर्थव्यवस्था में समाज के एक ऐसे वर्ग का हाथ है, जिसे अब तक अनुत्पादक माना जाता रहा है। आज का 60 प्लस आयु वर्ग भारत में एक आर्थिक शक्ति बन कर उभर रहा है। यह समूह धन और उपभोक्ता खर्च के एक बड़े हिस्से को नियंत्रित कर रहा है। हाल के वर्षों में बुजुर्ग पीढ़ी में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है, जो मितव्ययिता और पोते-पोतियों की देखभाल पर केंद्रित घर-केंद्रित जीवनशैली की अपनी पारंपरिक छवि से हटकर नई छवि गढ़ रही है। यह पीढ़ी भारत की सिल्वर इकोनॉमी को चमका रही है। सिल्वर इकोनॉमी शब्द बुजुर्ग आबादी से जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को समाहित कर उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को बताती है।

वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 68 अरब डॉलर का योगदान दिया है जो भारत के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज की हाल ही जारी रिपोर्ट लोंगेविटीः ए न्यू वे आफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की जरूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं। भारत में आर्थिक सुधारों और छठा और बाद के वेतन आयोग लागू होने के बाद औसत वास्तविक आय में वृद्धि हुई है। सिल्वर इकोनॉमी को बढ़ाने में बुजुर्गों का योगदान दो तरह से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष योगदान के तहत बुजुर्गों की आय विभिन्न स्रोतों से आती है, जो उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर निर्भर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग खेती, कुटीर उद्योगों या छोटे व्यवसाय, दुकानदारी में संलग्न हैं तो नगरीय बुजुर्ग कौशल आधारित कार्यों पर। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वित्त-कर, शैक्षणिक या तकनीकी सलाहकार की भूमिका में आय अर्जित कर रहे हैं। इनके अलावा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा राशि, सावधि जमा राशि, प्रॉपर्टी किराया छोटी बचत के अलावा स्टॉक मार्केट, निवेश, अन्य अंशकालिक कार्य से भी उनकी आय होती है। इनसे अलग बुजुर्गों का अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष योगदान भी बढ़ रहा है। मसलन, पारिवारिक देखभाल की श्रेणी में वे प्रति वर्ष लगभग 14 अरब घंटे बच्चों की देखभाल में समय देते हैं, जिससे उनके परिवार की युवा पीढ़ी निश्चिंत होकर व्यवसाय, नौकरी, प्रोफेशनल गतिविधियों में भाग ले पाती है। इसी तरह बुजुर्ग प्रति वर्ष 2.6 अरब घंटे वे सामुदायिक कार्यों (जैसे धार्मिक-सामाजिक-सामुदायिक आयोजन, स्थानीय प्रशासन) में योगदान देकर उनका व्यय बचाकर अपना योगदान देते हैं। आय प्राप्ति के बाद बुजुर्ग अपनी आय को अनेक क्षेत्रों में खर्च करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। पहला और महत्वपूर्ण बिंदु है स्वास्थ्य। रिटायरमेंट और कमजोर होते शरीर से भी बुजुर्ग योगदान देकर अर्थव्यवस्था की चाल बदल रहे हैं। हेल्थ और फार्मा उद्योग तो अधिकतम बुजुर्गों पर ही निर्भर है। बुजुर्ग परिवार स्वास्थ्य पर औसतन 12 प्रतिशत खर्च करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग के अनुसार, उम्र-संबंधी बीमारियाँ आम हैं, जिससे दवाओं, अस्पतालों, स्वास्थ्य-बीमा, हैल्थ सप्लीमेंट्स,और सहायक चिकित्सा उपकरणों की मांग बढ़ती है। भारत में साल 2027 तक स्वास्थ्य सेवाओं के 1.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। आवास एवं यात्राः अमीर बुजुर्ग सीनियर लिविंग कम्युनिटीज में निवेश करते हैं, जबकि मध्यम वर्ग धार्मिक पर्यटन (जैसे तीर्थयात्रा) पर खर्च करता है। इस सेक्टर में यह वर्ग तेजी से प्रमुख उपभोक्ता शक्ति बनता जा रहा है। इसके अलावा, यह पीढ़ी अब अपने व्यक्तित्व को निखारने पर भी ध्यान दे रही है। यह समूह पहले से अधिक अधिक सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र और आभूषण भी खरीद रहा है, जिससे घरेलू और विदेशी, दोनों ही लक्जरी ब्रांडों को लाभ हो रहा है। वित्तीय सेवाएँः बुजुर्ग अपनी बचत को सावधि जमा, म्यूचुअल फंड, या अन्य निवेश में लगाते हैं, जिससे वित्तीय क्षेत्र में पूंजी प्रवाह बढ़ता है। पके हुए चांदी जैसे बालों वाली आधुनिक बुजुर्ग पीढ़ी की बढ़ी हुई संपत्ति ने धन प्रबंधन, वित्तीय नियोजन और बीमा क्षेत्रों में वृद्धि को प्रोत्साहित किया है। वृद्धाश्रम और देखभाल सेवाएँः आधुनिक दौर में वृद्धाश्रमों और डे-केयर केंद्रों की मांग बढ़ रही है, जो रोजगार सृजन और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देता है। विशेष डिजाइन वाले ये घर रियल एस्टेट कंपनियों द्वारा बनाए जाते हैं जो बुजुर्ग उपभोक्ताओं को सेवाएँ प्रदान करते हैं। ये तथ्य इस बात के संकेतक हैं कि भारत में बुजुर्गों पर आधारित बाजार तेजी से बढ़ रहा है। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक सालाना 6.2 प्रतिशत की गति से बढ़ती सिल्वर इकोनॉमी 2030 तक 12 बिलियन डॉलर तक हो सकती है और मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो 2050 तक करीब 35 करोड़ की बुजुर्ग जनसंख्या और उनकी खर्च करने की क्षमता एक ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी जो जीडीपी में 4-5 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान देगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# अक्षय ऊर्जा : असीम शक्ति, स्वच्छ भविष्य

किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को ह्यअक्षय ऊर्जा दिवस भी मनाया जाता है।

**योगेश कुमार गोयल**

पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत साधन बहुत सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, ऐसे में खतरा मंडरा रहा है कि यदि ऊर्जा के इन पारम्परिक स्रोतों का इसी प्रकार दोहन किया जाता रहा तो इन परम्परागत स्रोतों के समाप्त होने पर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यही कारण है कि पूरी दुनिया में गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जाने लगी और इसी कारण अक्षय ऊर्जा स्रोतों से ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करने के प्रयास शुरू हुए। अक्षय का अर्थ है, जिसका कभी क्षय न हो अर्थात अक्षय ऊर्जा वास्तव में ऊर्जा का असीम और अनंत विकल्प है और आज के समय में यह किसी भी राष्ट्र के अक्षय विकास का प्रमुख स्तंभ भी है। पिछले कुछ वर्षों से पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए ऐसी ऊर्जा तथा तकनीकें विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे ग्लोबल वार्मिंग की विकराल होती समस्या से दुनिया को कुछ राहत मिल सके। किसी भी राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए आज प्रदूषणरहित अक्षय ऊर्जा स्रोतों का समुचित उपयोग किए जाने की आवश्यकता भी है। देश में अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए ही वर्ष 2004 से हर साल 20 अगस्त को ह्यअक्षय ऊर्जा दिवसह्ण भी मनाया जाता है। आज न केवल भारत में बल्कि समूची दुनिया के समक्ष बिजली जैसी ऊर्जा की महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए सीमित प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं। ऐसे में अक्षय ऊर्जा ही ऐसा विकल्प है, जो पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के साथ-साथ ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने में भी कारगर साबित होगी लेकिन अक्षय ऊर्जा की राह में भी कई चुनौतियां मुंह बाये सामने खड़ी हैं। अक्षय ऊर्जा उत्पादन की देशभर में कई छोटी-छोटी इकाईयां हैं, जिन्हें एक ग्रिड में लाना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। इससे बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारत में अक्षय ऊर्जा के विविध स्रोतों का अपार भंडार मौजूद है लेकिन इनसे ऊर्जा उत्पादन करने वाले अधिकांश उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अनुसार, कुछ साल पहले सौर ऊर्जा के लिए करीब 90 प्रतिशत उपकरण विदेशों से आयात किए गए थे, जिससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ गई। 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार, अब भी भारत की सौर सेल और मॉड्यूल की जरूरत का अधिकांश हिस्सा, कभी-कभी 90 प्रतिशत तक, आयात से ही पूरा होता रहा है। हालांकि हाल के वर्षों में एएलएमएम नियम और पीएलआई स्कीम के कारण यह निर्भरता घट रही है। 2023-24 में चीन से सौर सेल्स का 53 प्रतिशत और मॉड्यूल्स का 63 प्रतिशत भारत में आया। देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर भी तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 450 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है, जिसमें अब 230 गीगावॉट से अधिक अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो रहा है, जिसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायो-पावर और छोटे हाइड्रो प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अधिक बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से तथा परमाणु ऊर्जा से भी अक्षय ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। कुल बिजली उत्पादन में अब अक्षय ऊर्जा का हिस्सा अब लगातार बढ़ रहा है, जो भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल करता है। भारत में ऊर्जा खपत भी तेजी से बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का अनुमान है कि वर्ष 2040 तक भारत में ऊर्जा की कुल मांग वर्तमान की तुलना में लगभग दोगुनी हो जाएगी। विशेषकर बिजली तथा ईंधन के रूप में उपभोग की जा रही ऊर्जा की मांग घरेलू एवं कृषि क्षेत्र के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्षेत्रों में ही बिजली तथा पैट्रोलियम जैसे ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोतों का लगभग 55 प्रतिशत उपभोग किया जाता है। हम जिस बिजली से अपने घरों, दुकानों या दफ्तरों को रोशन करते हैं, जिस बिजली या पैट्रोलियम इत्यादि ऊर्जा के अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर खेती-बाड़ी या उद्योग-धंधों के जरिये देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जाता है, क्या हमने कभी सोचा है कि वह बिजली या ऊर्जा के अन्य स्रोत हमें कितनी बड़ी कीमत पर हासिल होते हैं? यह कीमत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी धरती पर विद्यमान हर प्राणी पर बहुत भारी पड़ती है। भारत में थर्मल पावर स्टेशनों में बिजली पैदा करने के लिए प्रतिदिन लगभग 18 लाख टन कोयले की खपत होती है। आज भी देश की लगभग 55 प्रतिशत से अधिक बिजली कोयले से ही पैदा होती है, शेष बिजली अक्षय ऊर्जा स्रोतों, जल, गैस व परमाणु ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त होती है। दुनियाभर में ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 75 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन बिजली उत्पादन से ही होता है। यही कारण है कि अब सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा जैसे अक्षय ऊर्जा स्रोतों को विशेष महत्व दिया जाने लगा है। अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए तो वर्ष 2050 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 70 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। भारत ने भी 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करने और नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य वर्ष 2070 तक प्राप्त करने का संकल्प लिया है। अक्षय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने से हमारी ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कम होता जाएगा और इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा। भारत में अब ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्मार्ट ग्रिड, बैटरी स्टोरेज और इलैक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे कदम भी तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं, जो अक्षय ऊर्जा को व्यावहारिक और टिकाऊ बनाएंगे। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि निर्यातक देश भी बन सकेगा। सही मायने में अक्षय ऊर्जा ही आज भारत में विभिन्न रूपों में ऊर्जा की जरूरतों का प्रमुख विकल्प है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ टिकाऊ भी है। भारत धीरे-धीरे ही सही, अब इस दिशा में आगे बढ़ रहा है और आज समय है कि हम आर्थिक बदहाली और भारी पर्यावरणीय विनाश की कीमत पर ताप, जल एवं परमाणु ऊर्जा जैसे पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय अपेक्षाकृत बेहद सस्ते और कार्बन रहित पर्यावरण हितैषी ऊर्जा स्रोतों के व्यापक स्तर पर विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें। साथ ही हमें ऊर्जा की बचत की आदतें भी अपनानी होंगी क्योंकि ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग ही हमें सुरक्षित, समृद्ध और स्वच्छ भविष्य की ओर ले जाएगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# द्रपद बुध प्रदोष व्रत से नौकरी और व्यापार में मिलती है सफलता

आज बुध प्रदोष व्रत है, यह व्रत भगवान शिव को समर्पित है। इस शुभ तिथि पर देवों के देव महादेव की पूजा करने वाले भक्तों का जीवन सुखी होता है और उन्हें किसी भी प्रकार के भौतिक सुखों की कमी नहीं होती है। बुध प्रदोष व्रत के दिन मंदिरों में भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है तो आइए हम आपको बुध प्रदोष व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

### जानें भाद्रपद बुध प्रदोष व्रत के बारे में

हिन्दू धर्म में बुध प्रदोष व्रत का विशेष महत्व होता है। हर माह में 2 बार प्रदोष व्रत रखा जाता है, एक शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर और दूसरा कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि। बुध प्रदोष व्रत को भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित माना गया है। अगस्त दिन बुधवार को प्रदोष तिथि का व्रत किया जाएगा, चूंकि प्रदोष तिथि बुधवार के दिन पड़ रही है इसलिए इस तिथि को बुध प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा। प्रदोष व्रत देवाधिदेव महादेव को अति प्रिय है। वहीं, बुधवार का दिन पड़ने से इस व्रत का संबंध भगवान शिव के साथ उनके पुत्र गणपति से भी जुड़ जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन पूजा करने से सुख, समृद्धि, और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी पाप नष्ट होकर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है एवं यह प्रदोष व्रत दांपत्य जीवन की समस्याओं को दूर करने में सहायक है।

### भाद्रपद बुध प्रदोष व्रत का महत्व

धार्मिक मत है कि त्रयोदशी तिथि पर शिव-शक्ति की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। साथ ही सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। साधक श्रद्धा भाव से त्रयोदशी के दिन शिव-शक्ति की पूजा करते हैं। बुध प्रदोष व्रत को शास्त्रों में बुद्धि, विद्या, वाणी और नौकरी व व्यापार में सफलता प्रदान करने वाला व्रत माना गया है। इस दिन भगवान शिव के साथ-साथ माता पार्वती और भगवान गणेश की भी विशेष पूजा का विधान है। यह व्रत विद्यार्थियों, व्यापारियों और वाणी से कार्य करने वालों (वकील, वक्ता, लेखक, शिक्षक आदि) के लिए विशेष फलदायी है। यह व्रत करने से व्रती को धन, विद्या और वाणी पर नियंत्रण की प्राप्ति होती है और रोग और कष्ट दूर होते हैं, जीवन में शांति और सौहार्द बढ़ता है।

### भाद्रपद बुध प्रदोष व्रत पर ऐसे करें पूजा

पंडितों के अनुसार बुध प्रदोष व्रत का दिन खास होता है इसलिए बुध प्रदोष व्रत के दिन सूर्योदय से पहले उठकर घर के सभी काम करने के बाद स्नान कर लें। अब भगवान शिव को नमन करते हुए व्रत का संकल्प लें।

## टिप्स

### झड़ते बालों से पाएं छुटकारा

अधिकतर लोग बाल झड़ने और टूटने की समस्या से परेशान रहते हैं। जिसके लिए लोग तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप बालों को टूटने और झड़ने से बचाने के लिए घरेलू नुस्खा अपना सकते हैं। यह नुस्खा प्याज का तेल है। प्याज का तेल काफी अच्छा और फायदेमंद होता है। आप किसी भी टेक्सचर के बालों में इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको प्याज का तेल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसको बालों में कैसे अप्लाई करना है।

**प्याज तेल के फायदे** : बता दें कि प्याज में सल्फर, एंटी फंगल गुण और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जोकि बालों को मजबूत बनाने के साथ ही हेयर ग्रोथ बढ़ाने में भी फायदेमंद होता है। प्याज का तेल बालों के स्कैल्प को हेल्दी रखने में सहायता करता है। इस तेल को बनाना काफी आसान होता है। आप चाहें तो इस तेल को स्टोर करके रख सकते हैं।

**प्याज का तेल की सामग्री** : प्याज- 2 बड़े, नारियल या सरसों का तेल- 1/2 कप, ऐसे बनाएं प्याज का तेल, प्याज को सबसे पहले कद्दूकस करके रखें।, अब प्याज को पैन में तेल के साथ धीमी आंच पर पकाएं।, इसको तब तक पकाएं, जब तक यह ब्राउन न हो जाए और इसमें खुशबू न आए।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : हेमंत सती

संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग साहिबगंज की ओर से विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त साहिबगंज श्री हेमंत सती, उपविकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत एवं सिविल सर्जन डॉ० रामदेव पासवान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जन-जागरूकता रथ को रवाना किया रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, रोग-निवारण, सुरक्षित पेयजल, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य संबंधी अन्य जानकारी दी गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शिविर लगाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराईं जाएगी।शिविर में उपलब्ध सेवाएँ सामान्य रोगों की जाँच उपचार बुखार, डायरिया, त्वचा रोग, मौसमी बीमारियाँ गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की विशेष जाँच निःशुल्क दवा वितरण मानसिक स्वास्थ्य परामर्शस्वच्छता एवं रोग-निवारण से संबंधित परामर्शस्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। सभी ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे इन शिविरों का लाभ अवश्य उठाएँ।

## 3 साल से जमीनदार को किराया नहीं देने पर जमीन रैयतों ने जेसीबी से किया रास्ता बंद





मेट्रो रेज संवाददाता

**चंदवारा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाम पंचायत के मौजा थाम में पुरनाडीह के खतियानी जमीनदार ने उदय सिंह, पिता दानी सिंह, धनवा, थाना, हिसुआ जिला, नवादा (बिहार) के साथ पथ्थर उत्खनन के लिए लीज पट्टा के लिए 7 अप्रैल 2021 को जमीन एग्रीमेट किया था जो की कार्य क्षेत्र मौजा थाम है जो फर्म मेसर्स पंचसुल मिनरल्स के नाम से जाना जाता है एग्रीमेट होने के बाद 1साल का भाड़ा जमीनदार को दिया था उसके बाद से किराया मंगाने पर आज- कल कर के 3 साल बिता दिया जमींदारों ने 20 अगस्त 2025 को आक्रोश में आकर जेसीबी मशीन के माध्यम से रास्ता को बंद कर दिया। जमीनदार का कहना है कि हमारे द्वारा जमीन एग्रीमेंट किया हुए 4 साल हो चुके हैं। इन चार सालों में ना तो पूर्ण रूप जमीन का भाड़ा दिया ना ही पत्थर उत्खनन के लिए कोई परक्रिया किया। अब हमलोगों के द्वारा किए गए जमीन ग्रीमेंट को रद्द करे ताकि हम सब अपने अपने हिसो में खेती कर सकें। अगर एग्रीमेंट रद्द नहीं करते हैं तो हम लोगों एनजीटी में केस दर्ज करने को बाध्य होंगे।

न्यूज IN ब्रीफ

### क्रिकेट अंडर 14 चैंपियनशिप में झारखंड का पहला मुकाबला पूर्वांचल से हुआ



साहिबगंजःनेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट अंडर 14 चैंपियनशिप में झारखंड का पहला मुकाबला पूर्वांचल से हुआ। पूर्वांचल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया।मैच में झारखंड ने 6 ओवरों में 37 रन बनाया।जवाब में पूर्वांचल की टीम 24 रन पर ऑल आउट हो गई।इस मुकाबले को झारखंड ने 12 रनों से जीत लिया।दूसरा मैच दिल्ली के खिलाफ खेला गया जिसमें दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। दिल्ली ने 6 ओवरों में 37 रन बनाया।जवाब में दिल्ली की टीम ने भी 37 रन बनाया जिससे मैच ड्रॉ हो गया और दोनों टीम को एक-एक पॉइंट बांट दिया गया।ज्ञात हो कि स्टेट टीम में साहिबगंज के खिलाड़ी ऋषभ राज, पार्थ सिंह राणा,रौनक दुबे,अंश राज,आयन वसीम,प्रिंस राज और सोनू कुमार साह शामिल किए गए हैं।साहिबगंज के रौनक दुबे को झारखंड टीम की कप्तानी दी गई है।वहीं रवि पोलार्ड को राज्य टीम का कोच नियुक्त किया गया है।साहिबगंज जिला के टेनिस बॉल क्रिकेट के सचिव सह पूर्व क्रिकेटर अशोक साहनी ने झारखंड टीम की इस जीत पर शुभकामना दी है।

### अंचलाधिकारी से मिले अफीफ अमसल,किया स्वागत



साहिबगंज/बरहरवाः प्रखंड में हाल ही में पदस्थापित नवनियुक्त अंचलाधिकारी सीओ अनोज कुमार से मंगलवार को युवा नेता अफीफ अमसल ने शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।मुलाकात के दौरान अफीफ अमसल ने अंचलाधिकारी को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि बरहरवा प्रखंड एक संवेदनशील इलाका है,जहाँ भूमि संबंधीविवाद,अतिक्रमण,वसीयत-नामांतरण,दाखिल-खारिज,अंचल कार्यालय से जुड़ी पेंडिंग फाइलें एवं राजस्व वसूली जैसी कई गंभीर समस्याएं हैं।उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त अंचलाधिकारी के कार्यभार संभालने से इन मामलों का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान हो सकेगा।अफीफ अमसल ने अंचलाधिकारी से आम जनता के साथ सरल और सहज व्यवहार बनाए रखने की अपेक्षा जताई।उन्होंने कहा कि अंचल स्तर पर जनता को न्याय मिलने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सीओ की होती है और यदि कार्यालय की कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं जनता-हितैषी रहे तो निश्चित ही लोगों का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत होगा।सीओ अनोज कुमार ने भी इस दौरान भरोसा दिलाया कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देंगे और अंचल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं राजस्व प्रशासन को दुरुस्त करने का हरसंभव प्रयास करेंगे।इसके बाद अफीफ अमसल ने मनरेगा बीपीओ विजय राजवीर और जेनी विभा किस्कू से भी मुलाकात की।इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं की प्रगति, लंबित भुगतान,मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने और योजनाओं की पारदर्शिता पर चर्चा हुई।युवा नेता ने अधिकारियों से आग्रह किया कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और काम करने वाले मजदूरों को भुगतान में किसी तरह की दिक्कत न हो।इस मौके पर अब्दुल मालेक,हैदर अली,अबुल कलाम,वहिदुर रहमान, तौफिक अहमद,जाबीर सहित अन्य मौजुद रहे।

### धूमधाम से मनाई जा रही है मनसा मां पूजनोत्सव



साहिबगंज/बरहरवाः-माँ मनसा पूजनोत्सव सदियों से ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम और गाजे बाजे के साथ मनाया जाता है।जिसमे माँ मनसा भक्ति कार्यक्रम ,जागरण तीन-चार दिनों तक बंगाल से आये कलाकारों द्वारा भी भगवान की लीला का कार्यक्रम किया जाता है।वर्तमान समय में गांव-गाँव में श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ माँ मनसा पूजनोत्सव कार्यक्रम किया जा रहा है,इसी क्रम में बरहरवा प्रखंड के मोगलपाड़ा गाँव में मां मनसा पुनोत्सव त्रिदिवसीय कार्यक्रम किया गया,जिसमें 16 अगस्त को नहाय खाय 17 अगस्त को उपवास और 18 अगस्त को धूमधाम से पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया,स्थानीय माँ मनसा पूजा कमिटी के सदस्यों ने बताया कि विगत 40 वर्षों से इस गाँव में माँ मनसा की पूजा धूमधाम से विधिवत किया जाता है जिसमें स्थानीय ग्रामीण हिन्दू मुस्लिम सभी समुदाय के लोग मिलकर धुमधाम से इस पुनोत्सव का आनंद लेते है,माँ मनसा की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं की भीड़ लगी होती है जिसमें आस पास के ग्रामीण भी शामिल होते है और मां की पूजा आराधना कर सच्ची भक्ति का परिचय देते हुए अपनी अपनी मनोकामना की प्रार्थना करते है,मां मनसा के आशीर्वाद से भक्तों की परेशानियां दूर होती है और मनोकामनाएं भी पूरी होती है,इसलिए लोग अपने इकच्छानुसार गछती भी करते है और भक्ति जागरण में शामिल होते है,मोगलपाड़ा मनसा पूजा कमिटी के कृपा सिन्दू रजक,रक्षा प्रसाद यादव,सम्भु रजक ,अवधेश लाल रजक,कृष्णा रजक,अबरक ने बताया कि यहाँ प्रत्येक वर्ष मां मनसा की पूजा धूमधाम से मनाने के पश्चात विधिवत मां के प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ विदाई देते हुए मूर्ति विसर्जित की जाती है।मां मनसा पूजनोत्सव बरहरवा प्रखंड के विभिन्न गाँव जैसे मोगलपाड़ा, झिकटिया, योगिटोला, तेलीपाड़ा, दिघी, पतना, खेतोरिपाड़ा इत्यादि में वर्षों से मनाई जाती है।

## ईडी की रेड से लोगों में चर्चा का बाजार गर्म



**साहिबगंज:** 28 जुलाई को गोवा में करोड़ों रुपये की अचल संपत्ति की अस्थाई कुर्की के बाद भूमि हड़पने और जालसाजी मामले में ईडी की 4 सदस्यीय टीम ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मंगलवार की सुबह नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाली टोला, तिलकधारी कुआं के निकट स्थित संतोष कुमार दास उर्फ बबलू कबाड़ी वाले के घर पर सुबह लगभग 7:15 बजे छापामारी की। इस दौरान टीम देर शाम तक वहां दस्तवेजों की छानबीन और जांच-पड़ताल करती रही। टीम ने 15 घंटे से ज्यादा वहां पूछताछ की। ईडी की टीम वहां दो टीम 2 सफेद रंग की इनोवा संख्या जेएच 01 डीएच 8752 एवं जेएच 01 सीबी 0999 से पहुंची हुई थी। देर शाम ईडी की टीम कागजातों के साथ वापस लौट गई। शहर में एकबार फिर से ईडी की रेड पड़ने से कई कारोबारियों समेत अन्य लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। जिले में ईडी की धमक पड़ने से कई कारोबारियों के हाथ पांव फूलने लगे हैं। शहर में चर्चा का बाजार गर्म है।

## सिविल सर्जन ने सरकारी चिकित्सकों के निजी क्लिनिक पर छापामारी



संवाददाता

साहिबगंजःसिविल सर्जन साहिबगंज डॉ० रामदेव पासवान ने आज औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी समय में सरकारी चिकित्सकों के निजी क्लिनिक पर छापामारी की।निरीक्षण के क्रम में डॉ० देवेश कुमार, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल साहिबगंज, दोपहर 12:28 बजे अपने निजी क्लिनिक में ड्यूटी समय में कार्यरत पाए गए। इसी प्रकार डॉ० सचिन कुमार, आर्थोपेडिक सर्जन, सदर अस्पताल साहिबगंज, 12:21 बजे हाजिरी दर्ज कराने के बाद भी अनुपस्थित रहकर अपने निजी क्लिनिक में मरीज देख रहे थे।कार्यालय कर्मियों एवं आमजन से मिली शिकायतों में यह भी बताया गया कि आर्थोपेडिक सर्जन प्रायः अस्पताल से अनुपस्थित रहते हैं तथा आवश्यक शल्यक्रियाएँ,प्रक्रियाएँ नहीं करते जिससे मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन साहिबगंज ने दोनों चिकित्सकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।सिविल सर्जन डॉ० रामदेव पासवान ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों का उल्लंघन किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## क्षेत्र के हर छोटी बड़ी समस्याओं से जिला प्रशासन का अवगत कराते आ रहे हैं : प्रखंड अध्यक्ष

एजेंसी



**साहिबगंज :** युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कौसर अलम लगातार क्षेत्र के हर छोटी बड़ी समस्याओं से जिला प्रशासन का अवगत कराते रहा है।वही हर वर्ष सदर प्रखंड के लालबथानी क्षेत्र में आने वाली बाढ़ से लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रभावित होता है।इस संबंध मे युवा कांग्रेस के सदर प्रखंड कौसर अलम ने साहिबगंज उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा कि किसान प्रसाद से लालबथानी को जोड़ने वाली एक मात्र सड़क है और हर वर्ष दो से तीन महीने के लिए बाढ़ के कारण बाधित हो जाती है और हर वर्ष बाढ़ के चपेट में आने से बाढ़ के साथ ही उखाड़ जातें हैं और यही हर साल का समस्या बना रहते हैं। जिस कारण लोगो को दिनचर्या के साथ बाजार आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रावधान नहीं हुई जबकि हर वर्ष यहां पर किसी न किसी को जान भी गंवाना पड़ता है जबकि यहां दो उच्च पुल का होना बहुत ही जरूरी है तभी यहां का हर साल का समस्या का समाधान होगा,और झारखंड प्रदेश में साहिबगंज जिला के मात्र तीन ऐसे प्रखंड है जो कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र है और हर वर्ष बाढ़ आने से यहां के जन माल का अपूर्ण क्षति होती है और यह हर वर्ष की कहानी है लेकिन अब तक कोई आपदा फंड नहीं बनाई गयी है। श्री आलम ने कहा की बिहार सरकार द्वारा जो राहत फंड प्रत्येक वर्ष बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में हर घर को 6000 हजार रुपए राशि का सहयोग किया जाता है उसी तरह हमारे साहिबगंज जिला के तीनों प्रखंड -साहिबगंज, राजमहल और उधवा में इसे लागू किया जाएं।और स्वस्थ्य टीम को लगाकर दो महीने तक प्रभावित क्षेत्रों में तैनात रखने की मांग की है।

## वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रशांत शेखर को करेगी सम्मानित



संवाददाता

साहिबगंजः-वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस की मुंबई में आगामी 24 अगस्त को आयोजित सम्मान समारोह में साहिबगंज के उमाअमृता फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत शेखर को सबसे ज्यादा बार रक्तदान करने व रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर प्रशांत शेखर ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है की अंतरराष्ट्रीय संस्था से उन्हें सम्मानित होने का मौका प्राप्त हो रहा है।उन्होंने इसके लिए संस्था के वाइस प्रेसिडेंट संजय का आभार प्रकट किया। कहा 22 अगस्त को हावड़ा से मुंबई रवाना होना है।

## हजारीबाग में 6 होटल सील, चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा, हिरासत में लिए गए 23 लोग

संवाददाता



**हजारीबागः** जिला प्रशासन ने हजारीबाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन होटल में छापेमारी करते हुए सील कर दिया है। जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि हजारीबाग के फोरलेन पर विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में जिस्मफरोशी का गोरखधंधा चल रहा है। इस सूचना के आलोक में सुबह 10:00 से ऑपरेशन शुरू किया गया, जो लगभग शाम 5:00 बजे तक चला। इस ऑपरेशन में कई संदिग्ध युवक-युवतियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं होटल मालिकों से पूछताछ भी की जा रही है।

हजारीबाग शहर के फोरलेन पर जिस्मफरोशी का अवैध गोरखधंधा चल रहा था। हजारीबाग पुलिस को पिछले कई दिनों से इसकी गुप्त सूचना मिल रही थी। सूचना का सत्यापन कर एक साथ छह होटल में अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की गई। जिसमें संदिग्ध अवस्था में 23 युवक और युवतियों को हिरासत में ले लिया गया। वहीं सभी 6 होटल को सील कर दिया गया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसकी अगुवाई हजारीबाग एसडीओ बैजनाथ कामती ने की। उनके साथ सदर एसडीपीओ अमित आनंद भी इस पूरी कार्रवाई में उपस्थित रहे। इस पूरी कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था। विभिन्न थाना प्रभारी को इस कार्रवाई में शामिल किया गया। एक साथ सभी होटल में छापेमारी की गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में ही हड़कंप देखने को मिला। कई लोग भागते हुए भी देखे गए। फोरलेन पर एक दर्जन से अधिक होटल और रेस्टोरेंट संचालित हैं। पुलिस ने 6 होटलों को चिन्हित कर यह ऑपरेशन चलाया। सभी में संदिग्ध अवस्था में युवक और युवतियां पाई गईं। उक्त कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं 6 अन्य दंडाधिकारी, पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल शामिल थे।

# पलामू सेंट्रल जेल में एक साथ बंद है दिनेश गोप, सूजीत सिन्हा और डब्लू सिंह, आईजी ने जारी किया हाई अलर्ट

संवाददाता

पलामूः सेंट्रल जेल में हाई प्रोफाइल कैदियों की एक साथ बंद होने के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया है। कैदियों के बीच आपसी गैंगवार को देखते हुए पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने यह अलर्ट जारी किया है और पूरे मामले में पलामू डीसी एवं एसपी को कई बिंदुओं पर निर्देश दिए हैं। हाई प्रोफाइल कैदियों को लेकर पलामू सेंट्रल जेल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही सभी जगहों पर निगरानी रखी जा रही है।

**गैंगस्टर के एक साथ रहने से हो सकती है घटनाः आईजी**



दरअसल, दो दिनों पहले कुख्यात गैंगस्टर गौतम कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने पलामू पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के बाद पलामू सेंट्रल में एक साथ अब पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप, कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और डब्लू सिंह बंद हैं। इसी को ध्यान में रखकर आईजी ने निर्देश जारी किया है।

आईजी ने डीसी और एसपी को जारी निर्देश में कहा कि सुजीत सिन्हा और डब्लू सिंह परस्पर विरोधी गैंग रहे हैं। दोनों को एक ही जेल में रखने से किसी भी तरह की अप्रिय घटना हो सकती है। पहले भी वर्चस्व को लेकर दोनों के बीच गैंगवार हो चुका है। आईजी ने जेल के अंदर दोनों गलियारे में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया है, जिसकी मॉनिटरिंग जेल के कंट्रोल रूम से होगी। सेंट्रल जेल में होगी औचक छापेमारीजेल परिसर में जैमर और नेटवर्क ब्लॉगर लगाने को कहा गया है। डीसी एवं एसपी संयुक्त रूप से सेंट्रल जेल में औचक छापेमारी करेंगे। जेल के अंदर आने-जाने वाली सभी तरह की सामग्री की गहनता से जांच की जाएगी। कैदियों से मुलाकात करने वाले एक-एक व्यक्ति की सुरक्षा जांच की जाएगी और मेटल डिटेक्टर भी लगाया जाएगा।

पलामू के जोनल आइजी सुनील भास्कर ने बताया कि डब्लू सिंह, सुजीत सिन्हा और दिनेश गोप के सेंट्रल जेल में एक साथ बंद होने के बाद हाई अलर्ट जारी किया गया है। सुरक्षा बढ़ाई गई है और कई बिंदुओं पर निर्देश दिए गए हैं।



# थलापति विजय जहां भी जाते हैं लोग इकट्ठा हो जाते हैं, बाहर शूटिंग करना मुश्किल होता है

थलापति विजय की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म जन नायकन 9 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है, क्योंकि वह राजनीति में कदम रखने की योजना बना रहे हैं।

## बॉबी ने की विजय की तारीफ



बातचीत के दौरान, बॉबी देओल ने बताया कि थलापति विजय बहुत बड़े स्टार हैं। उनकी लोकप्रियता के कारण बाहर शूटिंग करना मुश्किल होता है, क्योंकि लोग भारी संख्या में इकट्ठा हो जाते हैं। इसलिए फिल्म की शूटिंग ज्यादातर स्टूडियो में हो रही है।

## साउथ फिल्मों को लेकर बॉबी की राय

बॉबी ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने पिछले अनुभव भी साझा किए। उन्होंने नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके) के साथ काम करने को शानदार बताया और कहा कि वह जनता के स्टार हैं। साथ ही, उन्होंने सूर्या के साथ फिल्म कंगुवा में काम करने की बात की, जो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। बॉबी ने कहा कि सूर्या बेहतरीन अभिनेता हैं, लेकिन स्क्रिप्ट में कमी रह गई।

## जन नायकन के बारे में

जन नायकन एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन एच. विनोथ ने किया है। इसमें विजय एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे, जो एक बड़ी राजनीतिक लड़ाई में उलझता है। फिल्म में थलापति विजय के अलावा बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, प्रकाश राज, प्रियामणि और ममिता बैजू जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का संगीत ममिता बैजू ने दिया है।



# रिश्ते में उम्र के अंतर पर बोलीं फातिमा सना शेख

फातिमा सना शेख अपनी दो फिल्मों आप जैसा कोई और मेट्रो इन दिनों को लेकर चर्चा में रही हैं। फिल्म आप जैसा कोई में उन्होंने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने से बड़े उम्र के व्यक्ति के साथ प्यार में पड़ जाती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा है कि किसी भी रिश्ते में उम्र कोई दिक्कत नहीं है।

## संवेदनाएं एक जैसी होनी चाहिए

उम्र के मामले पर बोलते हुए फातिमा सना शेख ने बातचीत में कहा अगर रिश्ते में दोनों की भावनाएं मेल खाती हैं तो इससे फर्क नहीं पड़ता है कि कोई लड़का मुझसे 10 साल बड़ा है। भावनाओं का स्तर एक जैसा होना चाहिए। उम्र में फर्क वाली चीज तो सदियों से होती आ रही है।

## फातिमा ने अपने आपको बताया खुशकिस्मत

फातिमा सना शेख ने रहना है तेरे दिल में के अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बताया मैं बहुत खुशकिस्मत हूं। मैं लोगों से बताती हूं कि मुझे एक ऐसा किरदार मिला जिसमें मैं उनके साथ रोमांस कर रही हूं। हालांकि फिल्म में बहुत सही तरीके से रोमांस कर रही थी क्योंकि यह अच्छी तरह लिखा गया था। हमारी केमिस्ट्री एकदम प्राकृतिक थी।

## निर्देशक जैसे हैं आर माधवन



फातिमा सना शेख ने आर माधवन के बारे में आगे कहा वह एक काबिल अभिनेता हैं। वह अपने आप में एक निर्देशक भी हैं। जब भी मैंने फिल्म में कुछ न करने का कारण दिया, तो उन्होंने मेरा उत्साह बढ़ाया। फिल्म में दोनों के अभिनय की सराहना की गई है।

फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसमें फातिमा सना शेख और आर माधवन ने मुख्य किरदार निभाया है। विवेक सोनी ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में एक अध्यापक के बारे में दिखाया गया है जो बड़ी उम्र के होते हैं और उनकी शादी नहीं होती। इसी तरह से एक लड़की की भी शादी नहीं होती है। दोनों किसी तरह मिलते हैं और दोनों में प्यार हो जाता है। फिल्म दोनों के रिश्ते के आस-पास घूमती है।




# 'बागी-4' का टीजर आउट इस बार कहानी के विलेन और हीरो भी हैं टाइगर श्रॉफ

बॉलीवुड स्टार टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'बागी-4' का इंतजार लंबे समय से था। इसका टीजर रिलीज कर दिया गया। इस फिल्म में टाइगर एक बार फिर से रॉनी के रोल में वापसी कर रहे हैं, मगर इस बार उनका किरदार काफी उग्र होने जा रहा है। उनके किरदार में गुस्से और बदले की भावना देखने के लिए मिलेगी, जिससे यह पहले से भी ज्यादा खतरनाक होने वाला है। इसके टीजर में एक ऐसे आशिक की कहानी है, जो बदला लेने के लिए निकला है। उसका सामना होता है संजय दत्त के किरदार से, जो देखने में उनसे भी हिंसक और खूंखार लग रहा है। टीजर में काफी हिंसा और खून-खराबा दिख रहा है।

टीजर को मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर रिलीज किया है। इसके कैप्शन में लिखा है, बचने का कोई रास्ता नहीं। कोई रहम नहीं। खुद को संभालो, एक खूनी, हिंसक प्रेम कहानी शुरू होती है। फिल्म में दो एक्ट्रेस भी हैं जो फरसे और चाकू चलाती दिख रही हैं। पहली हैं सोनम बाजवा, जो इस फिल्म में ग्लैमर का तड़का लगाते हुए दमदार रोल में दिखाई देंगी। उन्हें भी एक्शन सीन करते देखा जा रहा है। ये दिखाता है कि वे ग्लैमर के साथ ही मारधाड़ करने में भी माहिर हैं। हाउसफुल-5 के बाद साजिद नाडियाडवाला के साथ ये उनकी दूसरी फिल्म है। बागी-4 में इस बार साजिद नाडियाडवाला मिस यूनिवर्स हरनाज संधू को लेकर आए हैं। फिल्म की वो दूसरी लीड एक्ट्रेस हैं, और वे इसमें बहुत ही खूंखार नजर आने वाली हैं। टीजर में उन्हें भी वायलेंस करते हुए देखा जा सकता है। सबसे चौंकाने वाला किरदार होगा संजय दत्त का, जो इस फिल्म में बहुत ही खतरनाक लगे हैं। एक ऐसा विलेन जो शांत और पागल दोनों हैं। उन्हें देखकर एनिमल के बॉबी देओल की याद आ जाती है। कहा जा रहा है कि आपने उन्हें इस तरह के किरदार में पहले कभी नहीं देखा होगा। टीजर में उनकी परफॉर्मेंस भी रोंगटे खड़े कर देने वाली दिख रही है। इसकी स्टोरी और स्क्रीनप्ले साजिद नाडियाडवाला ने लिखा है। ए. हर्ष इसके निर्देशक हैं। बागी 4 जबरदस्त एक्शन, धमाकेदार ड्रामा और अराजकता से भरी फिल्म होगी।

# मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का एक्शन से भरपूर बॉलीवुड डेब्यू



बॉलीवुड के एक्शन सीन में एक नया तूफ़ान आ गया है, और वो हैं मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज़ संधू। बहु-प्रतीक्षित फ़िल्म बाघी 4 का टीज़र रिलीज़ होते ही वायरल हो गया है, जिसमें हरनाज़ संधू का एक्शन से भरपूर अवतार देखकर दर्शक हैरान हैं। अपनी खूबसूरती और ग्लैमर के लिए मशहूर हरनाज़ ने इस टीज़र में अपनी इमेज को पूरी तरह बदल दिया है। रोमांटिक एंट्री की बजाय, वह स्क्रीन पर सीधे हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन करते हुए दिखाई देती हैं। हड्डियां हिला देने वाले हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट से लेकर हथियारों के साथ निंजा-स्टाइल एक्शन तक, उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह इस फ़िल्म की कहानी का एक अहम हिस्सा हैं। टीज़र में टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी दमदार केमिस्ट्री और संजय दत्त के विलेन अवतार के बीच हरनाज़ की मौजूदगी देखने लायक है।

# जॉन अब्राहम ने मोहित सूरी को दिया सैयारा की सक्सेस का श्रेय



अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसमें नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर भी अहम रोल में हैं। सिनेमाघरों में इन दिनों सैयारा का जलवा है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए हैं। फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस पर जॉन अब्राहम ने रिएक्शन दिया है।

## मोहित सूरी को दिया पूरा क्रेडिट

जॉन अब्राहम ने हाल ही में सैयारा की अपार सफलता पर अपनी प्रतिक्रिया दी। एक इंटरव्यू में जॉन अब्राहम ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि फिल्म इतना उम्दा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म की इस जबर्दस्त सफलता का श्रेय वे फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी को देना चाहेंगे। जॉन के अनुसार, मोहित सूरी ने फिल्म के लिए पूरी मेहनत की है। मोहित सूरी की तारीफ करते हुए जॉन ने कहा कि एक व्यक्ति के रूप में मोहित शानदार हैं। जॉन ने निर्देशक को डार्लिंग कहते हुए आगे कहा, सभी ने कहा कि वे उनकी सफलता का जश्न मना रहे हैं। मेरी तरफ से उन्हें सलाम। जॉन ने आगे कहा कि फिल्म में दो नए कलाकारों के साथ एक फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने का सबसे बड़ा श्रेय आदित्य चोपड़ा को जाता है।

# सबको छोड़कर जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहती हैं श्रुति हासन



साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं। लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो।' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं। श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है। इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है।

**यूजर्स ने क्या दी श्रुति हासन को सलाह**

यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है। एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है। लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है। यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी। आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं। इसलिए इंतजार ना करें। आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं।' एक अन्य यूजर ने श्रुति को पहाड़ों पर जाकर वक्त गुजारने की सलाह दी। वह कहता है, 'नई शुरुआत करें। पहाड़ों पर जाएं। धीरे-धीरे जिएं, भीड़-भाड़ से दूर रहें। अपनी सोल (आत्मा) के लिए आप इससे ज्यादा खूबसूरत काम कुछ नहीं कर सकते हैं।' कुछ यूजर्स ने श्रुति के जैसा ही महसूस करने की बात भी कही है।

**फिल्म 'कुली' में निभाएंगी अहम किरदार**

रजनीकांत की फिल्म 'कूली' 14 अगस्त को रिलीज होगी। इसमें रजनीकांत लीड रोल में हैं। वहीं श्रुति हासन का रोल भी काफी अहम है। फिल्म के ट्रेलर में श्रुति की झलक, अभिनय दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म के अलावा श्रुति हासन फिल्म 'सालार 2' में साउथ एक्टर प्रभास के साथ भी नजर आएंगी।

# द हंड्रेडः ट्रेंट रॉकेट्स की धमाकेदार जीत कप्तान डेविड विली ने दिखाया जलवा

एजेंसी

**नॉटिंघम :** इनॉटिंघम में द हंड्रेड टूनामेंट के तहत मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कप्तान डेविड विली की अगुवाई में ट्रेंट रॉकेट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स को सात विकेट से हराया। विली ने अपनी घातक गेंदबाजी से मात्र 11 रन देकर तीन विकेट झटके और ओरिजिनल्स को 100 गेंदों में महज 98 रन पर रोक दिया। रॉकेट्स ने लक्ष्य 26 गेंद शेष रहते आसानी से हासिल कर लिया और अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। विली का कहर और ओरिजिनल्स की ढहती पारी मैच की शुरूआत से ही डेविड विली ने ओरिजिनल्स



की कमर तोड़ दी। उन्होंने पहले ही सेट में युवा बल्लेबाज बेन मैककिनी को एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद इन-फॉर्म बल्लेबाज जोस बटलर को कैच आउट कराया और अगले ही गेंद पर रचिन रवींद्र को गोल्डन डक पर चलता किया।मध्य ओवरों में रॉकेट्स के गेंदबाजों ने पूरी तरह दबाव बनाए रखा। रिहान अहमद ने हेनरिक क्लासेन और फिल साल्ट को बड़े शॉट खेलने पर मजबूर किया और दोनों को आउट किया। वहीं, सैम कुक ने मैथ्यू हर्स्ट और स्कॉट करी को पवेलियन भेजा। ओरिजिनल्स के लिए सिर्फ लुईस ग्रेगरी टिक पाए जिन्होंने आखिरी 10 गेंदों में ताबड़तोड़ 26 रन बनाए और टीम को किसी तरह 98 तक पहुंचाया।

**रिहान अहमद की नाबाद पारी**

98 रन का लक्ष्य आसान नहीं माना जा रहा था, लेकिन रॉकेट्स ने इसे एकतरफा बना दिया। हालांकि जो रूट (4) और टॉम बैंटन (12) जल्दी आउट हो गए, लेकिन रिहान अहमद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए। उन्होंने स्पिनरों रवींद्र और नूर अहमद के खिलाफ बेखौफ शॉट खेले और लगातार बाउंड्री लगाई। रिहान का साथ दिया विकेटकीपर टॉम मूर्स ने, जिन्होंने 13 गेंदों पर तेज 22 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

**संक्षिप्त स्कोर**

मैनचेस्टर ओरिजिनल्स झ 98/8 (100 गेंदों में)

(लुईस ग्रेगरी 33*, जोस बटलर 19; डेविड विली 3/11, रिहान अहमद 2/14)

ट्रेंट रॉकेट्स झ 101/3 (74 गेंदों में)

(रिहान अहमद 45*, टॉम मूर्स 22*; सॉनी बेकर 1/11, जोश टंग 1/20)

रॉकेट्स ने यह मैच 7 विकेट से जीतकर ओरिजिनल्स को छह में चौथी हार थमा दी।

## सलाह ने रचा इतिहास, तीसरी बार बने पीएफए प्लेयर ऑफ द ईयर



**लंदन :** लिवरपूल के स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह ने एक नया इतिहास रच दिया है। वह प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन (पीएफए) के मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड को तीसरी बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सलाह ने इससे पहले 2018 और 2022 में यह खिताब अपने नाम किया था। इस बार वह छह खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शीर्ष पर रहे, जिसमें उनके लिवरपूल साथी एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के ब्रूनो फर्नांडेज, न्यूकैसल के स्ट्राइकर अलेक्जेंडर इसाक, चेल्सी के कोल पामर और आर्सेनल के डेक्लन राइस शामिल थे। 33 वर्षीय सलाह को यह सम्मान लिवरपूल की पिछले सीजन की प्रीमियर लीग खिताबी जीत में उनके अहम योगदान के लिए मिला। उन्होंने 2024-25 सीजन में 29 गोल दागे और 18 असिस्ट दिए, जिससे वे लीग के टॉप स्कोरर बने। सलाह को इस सीजन में प्रीमियर लीग प्लेयर ऑफ द सीजन और फुटबॉल राइटर्सह्न एसोसिएशन फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी मिला। इसके अलावा, एस्टन विला के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स को यंग प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया, जबकि इंग्लैंड के पूर्व मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 पीएफए मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# ला लीगा 2025-26: रियल मैड्रिड ने जीत के साथ की शुरूआत ,पहले मैच में ओसासुना को हराया

एजेंसी



**मैड्रिड :** फ्रांसीसी स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे के पेनल्टी गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने ला लीगा 2025-26 सीजन की शानदार शुरूआत की। मंगलवार को सैंटियागो बर्नबाउ में खेले गए मुकाबले में मैड्रिड ने ओसासुना को 1-0 से हराकर नए कोच जाबी अलोंसो को जीत का तोहफा दिया। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ के शुरूआती मिनटों में आया, जब ओसासुना डिफेंडर जुआन क्रूज के फाउल पर मैड्रिड को पेनल्टी मिली। एमबाप्पे ने मौके को भुनाते हुए गेंद को गोलकीपर सर्जियो हेरेरा के विपरीत दिशा में भेजकर टीम को बढ़त दिलाई। यह गोल अंत तक निर्णायक साबित हुआ। रियल मैड्रिड की टीम इस मैच में इंग्लैंड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम के बिना उतरी, जो कंधे की सर्जरी के कारण अक्टूबर तक मैदान से बाहर रहेंगे। वहीं, लिवरपूल से आए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड ने ला लीगा में पदार्पण किया। साथ ही समर साइनिंग्स डीन हुईजसन और अल्वारो कैरेरास भी शुरूआती एकादश का हिस्सा बने। पहले हाफ में मैड्रिड को ओसासुना की मजबूत डिफेंस के सामने खास मौके नहीं मिले। सेंटर-बैक हुईजसन और मिलिटाओ की दूर से मार की कोशिशों को गोलकीपर हेरेरा ने रोका। वहीं, विनीसियस जूनियर की क्रॉस पर एमबाप्पे का शॉट साफ नहीं लग पाया। दूसरे हाफ में पेनल्टी के जरिए गोल करने के बाद मैड्रिड ने मैच पर नियंत्रण बना लिया। अलोंसो ने 18 वर्षीय अर्जेंटीनी विंगर फ्रांको मास्तान्तुओनो को भी पदार्पण का मौका दिया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गोलकीपर हेरेरा ने उनके प्रयास को बचा लिया। ओसासुना को मैच में वापसी का मौका नहीं मिला। अंत में अबेल ब्रेटोनेस को इंजरी टाइम में गोंजालो गार्सिया को रोकने के प्रयास में हाथ उठाने पर लाल कार्ड दिखाया गया और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई।इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने 2008 से चली आ रही परंपरा को जारी रखा है कि वह ला लीगा के अपने शुरूआती मुकाबले में कभी हारता नहीं है।

# साय कैबिनेट का विस्तार: राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट में तीन नए मंत्रियों को शामिल किया गया है। बुधवार को तीन विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव को राजभवन में राज्यपाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार कुल 14 मंत्री हो गए हैं। 90 विधानसभा सीट 15 फीसदी का आंकड़ा लेकर हरियाणा फामूर्ले को फॉलो करते हुए कुल 14 मंत्री बनाए गए हैं। अभी नव नियुक्त मंत्रियों के मंत्रालयों की घोषणा नहीं की गई है। विधानसभा चुनाव 2023 में दुर्ग से कांग्रेस के अरुण वोरा को हराने वाले 1978 में जन्में यादव समाज के नेता और संघ की पृष्ठभूमि वाले गजेंद्र यादव की शुरूआती पढ़ाई-लिखाई दुर्ग में हुई है। एमए तक की पढ़ाई पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से उन्होंने की है।



उल्लेखनीय है कि राज्य के ओबीसी वर्ग में साहू समाज के बाद सर्वाधिक जनसंख्या यादव समाज की है। विधानसभा चुनाव में राजेश अग्रवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे टी एस सिंहदेव को 94 मतों से मात देकर जीत दर्ज की थी। साल 2018 के चुनाव में सरगुजा संभाग से भाजपा का सूपड़ा साफ करने के पीछे टी एस सिंहदेव ही प्रमुख रणनीतिकार थे, लेकिन साल 2023 के विधानसभा चुनाव आते-आते समीकरण तेजी से बदल गए। साल 2018 में कांग्रेस छोड़कर राजेश अग्रवाल भाजपा में हुए थे शामिल हुए थे। साल 2023 में पहली बार वे बने विधायक बने ।व्यवसायी राजेश अग्रवाल की शुरूआती शिक्षा भोपाल में हुई। राजेश अग्रवाल के पास कुल 10 करोड़ रुपये की संपत्ति है।उनके खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है। आरंग सीट से विधायक और अब मंत्री खुशवंत सिंह सतनामी समाज के गुरु हैं। वह सतनामी समाज के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक भंडारपुरी गुरु गद्दी के उत्तराधिकारी हैं। सतनामी समाज के एक दूसरे प्रमुख तीर्थ स्थल गिरौदपुरी की गद्दी के उत्तराधिकारी कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके गुरु रूद्र कुमार हैं। दोनों ही सतनामी समाज के संत गुरु घासीदास के वंशज हैं, लेकिन राजनीतिक तौर पर दोनों एक-दूसरे के धुर विरोधी हैं। भंडारपुरी गद्दी के गुरु रह चुके खुशवंत सिंह के पिता बालदास ने वर्ष 2013 के चुनाव के दौरान उन्होंने सतनाम सेना पार्टी का गठन कर चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार उतरने से वोटों का समीकरण बिगड़ा और इसका फायदा भाजपा को हुआ। भाजपा ने तब राज्य की 10 अनुसूचित जाति की सीटों में से 9 पर जीत दर्ज की थी। मगर साल 2018 के चुनाव में गुरु बालदास की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ गई, जब उन्होंने कांग्रेस का समर्थन किया था, लेकिन 2023 के चुनाव के ठीक पहले गुरु बालदास अपने बेटे गुरु खुशवंत सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने गुरु खुशवंत सिंह को आरंग से अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे शिव डहरिया को भारी मतों से हराकर जीत हासिल की थी। गुरु खुशवंत सिंह को साय सरकार में मंत्री बनाकर भाजपा ने अनुसूचित जाति वर्ग के वोट बैंक में अपनी पकड़ मजबूत की है। गुरु खुशवंत साहेब ने एमटेक की पढ़ाई की है। वर्षों से समाज सेवा में रहें हैं सक्रिय रहे हैं। उनकी कुल संपत्ति लगभग 2.08 करोड़ रुपये घोषित है जबकि उन पर लगभग लगभग 1.25 करोड़ रुपये का ऋण है। उनके खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं है ।

## इजराइल के हमले में हमास कमांडर शमाला और आतंकी नज्जर मारे गए

एजेंसी

**तेल अवीव (इजराइल) :** गाजा पट्टी में युद्धरत इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने आतंकवादी समूह हमास के कमांडर मोहम्मद नाइफ अबू शमाला को मार गिराया। वह हमास की नुखबा कंपनी का कमांडर था। आईडीएफ ने 'एक्स' पर शमाला के फोटो के साथ एक पोस्ट में कहा कि हमास आतंकी मोहम्मद नाइफ अबू शमाला सात अक्टूबर, 2023 के नरसंहार के दौरान मारास पोस्ट से भाग गया था। गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान शमाला ने आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ कई हमले किए। एक अन्य पोस्ट में आईडीएफ ने कहा कि सुरक्षा बलों ने हमास आतंकवादी जिहाद कमाल सलीम नज्जर को ढेर कर दिया। नज्जर सात अक्टूबर के नरसंहार के दौरान इजराइली नागरिक यार्डेन बिबास के अपहरण में शामिल




था। उसे 10 अगस्त को मार गिराया गया। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की खबर के अनुसार सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि लगभग 60 हजार इजराइली रिजर्व सैनिकों को बुधवार से गाजा शहर में हमास के खिलाफ हमले के लिए आदेश मिलने वाले हैं। अगर गाजा शहर में हमला जारी रहता है, तो यह सैनिक इस अभियान के दौरान लगभग 1,30,000 इजराइली सैनिकों के साथ तैनात रहेंगे।

**पुणे में मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में जलभराव,**

## उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने किया दौरा,प्रशासन अलर्ट

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पुणे और उसके आसपास के इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश और खडकवासला बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम यहां राहत और बचाव कार्य कर रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार की सुबह बाढ़ जैसी स्थिति बने इलाकों का दौरा किया और नागरिकों को अत्यंत जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। अजीत पवार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यहां औसत से ज्यादा बारिश हुई है। लेकिन जिला प्रशासन, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और राहत और बचाव कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रशासन को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। पुणे में लगातार हो रही बारिश के कारण पुणे को पानी की आपूर्ति करने वाले चारों बांधों में भारी मात्रा में पानी जमा हो गया है। इसके चलते प्रशासन ने एहतियात के तौर पर खडकवासला बांध से मुथा नदी में पानी छोड? की मात्रा बढ़ा दी है। पहले इस बांध से 35 हजार क्यूसेक की दर से पानी छोड़ा जा रहा था। लेकिन बुधवार को सुबह 9 बजे इसे बढ़ाकर 39 हजार क्यूसेक कर दिया गया है। इसके कारण पुणे की कई सोसायटियों में पानी घुस गया है। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण पुणे के एकता नगर इलाके में पानी घुस गया है। मुथा नदी का पानी सोसायटी परिसर और कुछ अन्य घरों में घुस गया है, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है। एकता नगर में इस समय कमर तक पानी भरा हुआ है। इसके कारण इमारत के भूतल पर रहने वाले लोगों को भारी नुकसान हुआ है। इस इलाके में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे बचाव अभियान और चुनौतीपूर्ण हो गया है। एनडीआरएफ के जवानों ने नावों की मदद से बाढग्रस्त घरों में फंसे परिवारों को निकाला है। साथ ही बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से मदद आने तक घर के अंदर रहने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि नागरिकों को तुरंत आवश्यक मदद पहुंचाई जाएगी।

पुणे में मुथा नदी दो धाराओं में बह रही है और नदी के किनारे बसे बस्तियों और गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। कुछ दिन पहले पेठ स्थित प्रसिद्ध ओंकारेश्वर मंदिर पूरी तरह से जलमग्न हो गया, जिसके कारण इसे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए बंद कर दिया गया है। पुणे नगर आयुक्त नवल किशोर राम ने भी बुधवार को बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और नागरिकों के लिए अलर्ट जारी किया है। पुणे के मावल तहसील में भी बारिश जारी है। आधी रात को गोंडुम्ब्रे में नदी किनारे एक महिला के फंसने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने तुरंत तलेगांव दाभाड़े पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण मावल संगठन की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। भारी बारिश में भी बचाव दल ने पेड़ से लटकी महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांध श्रृंखला में वर्तमान में बढ़ते जल स्तर और नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने नागरिकों से उचित सावधानी बरतने की अपील की है।

## प्रेमी के साथ नया घर बसाने की चाह में मां ने की मासूम बेटी की हत्या

एजेंसी

**दक्षिण 24 परगन।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर इलाके में विवाहेतर संबंधों में लिप्त एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर तीन साल की मासूम बेटी की हत्या कर दी। मंगलवार को पारुलिया कोस्टल थाने की पुलिस ने आरोपित मां नाज़िरा बीबी और उसके प्रेमी ताजउद्दीन मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपित बच्ची को आंध्र प्रदेश के कट्रेनीकन्या इलाके में ले गए और वहीं हत्या की। पहले उन्होंने इसे दुर्घटना



बताया, लेकिन पुलिस की पूछताछ में पूरा सच सामने आ गया। पूछताछ में नाज़िरा और ताजउद्दीन ने स्वीकार किया कि वे नया जीवन शुरू करना चाहते थे, लेकिन मासूम बच्ची को उन्होंने अपनी राह का ह्लकांटाह्व समझा। इसी कारण दोनों ने उसे पटककर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद आंध्र प्रदेश में ही पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना दिया गया। डायमंड हार्बर के सरिषा कामारपोल गांव निवासी अजहर लस्कर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी नाज़िरा उनकी बेटी को लेकर फरार हो गई है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपित ताजउद्दीन को आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया। डायमंड हार्बर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मिथुन कुमार दे ने कहा, ह्लप्रेमी के साथ घर बसाने के लिए ही मां ने अपनी बेटी की हत्या की साजिश रची। वर्तमान में नाज़िरा गर्भवती है और दावा कर रही है कि गर्भ में पल रहा बच्चा ताजउद्दीन का है। इस घटना से पूरा इलाका स्तब्ध है। मृत बच्ची के पिता अजहर लस्कर ने आरोपितों को कठोरतम सजा देने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना के तहत 36 युवाओं को विभिन्न विभागों में किया गया नियुक्त

एजेंसी

**रायपुर :** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप (सीएमजीजीएफ) योजना के तहत चयनित योग्य 36 युवाओं को विभिन्न विभागों में नियुक्त किया है। इस संबंध में मंत्रालय से बीती देर शाम आदेश जारी किया गया है। राज्य में सुशासन संबंधित कार्यों को सुदृढ़ करने के प्रयास के तहत मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना की शुरूआत की गई है।सुशासन एवं अभिसरण विभाग इस योजना का नोडल विभाग है।

इस योजना का 2 वर्ष का पाठ्यक्रम 8 चरणों में विभाजित है। योजना के पहले चरण में आईआईएम रायपुर द्वारा चयनित युवाओं का पब्लिक पॉलिसी पर एक माह का शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया था। इस योजना का 2 वर्ष का पाठ्यक्रम 8 चरणों में विभाजित है। इसके बाद योजना के दूसरे चरण के तहत 18 अगस्त 2025 से फेलो को विभागों में पोस्ट किया गया है, जहां वे न केवल शासकीय कार्यों के बारे में गहरी समझ प्राप्त केरेंगे।

# शुरूआती घंटे में शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार, सपाट स्तर पर सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज बाजार ने सपाट स्तर पर मिली जुली शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली का दबाव बनने पर दोनों सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में पहुंचे, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये दोनों सूचकांक हरे निशान में पहुंचने में भी सफल रहे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.01 प्रतिशत की मजबूती के



साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एटरनल और एनटीपीसी के शेयर 1.77 प्रतिशत से लेकर 1.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स के शेयर 1.46 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,583 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,465 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,073 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 27.08 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,671.47 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में 81,494.50 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने थोड़ी देर बाद ही हरे निशान में अपनी जगह बना ली। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 46.63 अंक की मजबूती के साथ 81,691.02 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 14.85 अंक की कमजोरी के साथ 24,965.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 24,929.70 अंक तक गिर गया। वही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये सूचकांक हरे निशान में 24,991.65 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 3.45 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 24,984.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 370.64 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,644.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 103.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,980.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### मेघालय में 20 लाख मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शिलांग :** मेघालय में ड्रग्स के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में लाखों रुपए की नशीली सामग्री जब्त की है। गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व जयंतिया हिल्स पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने लुम्चुंग में एक नाइट सुपर बस में संयुक्त अभियान चलाकर भारी मात्रा में नशीली सामग्री जब्त की। पूर्व जयंतिया हिल्स जिला पुलिस ने बुधवार को बताया कि सिलचर से शिलांग की दिशा में मेघालय परिवहन की नाइट सुपर बस में बीती रात तलाशी चलाते हुए पुलिस ने 10.35 किलो गांजा, 2,736 नशीली ट्रैमाडोल हाइड्रोक्लोराइड कैप्सूल और 6,000 नाइट्राजेपाम टैबलेट के साथ दो मोबाइल फोन जब्त किए। पूर्व जयंतिया हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जब्त की गई नशीली सामग्री की बाजार मूल्य लगभग 20 लाख रुपए आंकी गयी है। इन प्रतिबंधित सामग्रियों को सिलचर से शिलांग तक आपूर्ति की दो तस्करों ने योजना बनाई थी। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों तस्करों की पहचान असम के कछार जिलांतर्गत काटीगोरा विधानसभा के सुंदरी तृतीय खंड निवासी अमल नाथ और त्रिपुरा के कमलपुर के बामुनछोरा गांव निवासी राधिका रंजन दास के रूप में की गयी है। गिरफ्तार किए गए तस्कर पूर्वोत्तर के एक बड़े आपराधिक सिंडिकेट का सदस्य होने की पुलिस ने आशंका जतायी है। फिलहाल दोनों से पुलिस सघन पूछताछ कर रही है।

### फरीदाबाद : पुलिस मुठभेड़ में रोहतक का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद :** थाना पल्ला क्षेत्र में इनामी बदमाश नितिन रोहतकिया और क्राइम ब्रांच डीएलएफ के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस पर दो राउंड फायर किए। पुलिस की तरफ से किए गए फायर में बदमाश के पैर में गोली लग गई। बदमाश नितिन रोहतकिया गांव तिलपत में 29/30 जुलाई की रात को हुए गोलीबारी कांड में फरार चल रहा था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बुधवार को बताया कि डीएलएफ क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गांव तिलपत में ओमप्रकाश नामक शख्स के घर के बाहर अपने साथियों के साथ गोलीबारी करने वाला नितिन रोहतकिया बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने पल्ला थाना क्षेत्र के दुर्गा बिल्डर इलाके में बदमाश को घेर लिया। बदमाश ने पुलिस को देख बाइक से भागने का प्रयास किया। पुलिस से अपने आपको पूरी तरह से घिरता देख उसने पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने पुलिस पर दो राउंड फायर किए, जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने जबाव में फायर किया। पुलिस की गोली बदमाश के पैर में जाकर लग गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से उसके पास से अवैध हथियार भी बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकार्ड है। आरोपी पर पहले ही लूट, मारपीट, गोली चलाने जैसे 17 मामले दर्ज है। पल्ला थाना क्षेत्र से नितिन रोहतकिया को हिस्ट्री शीटर घोषित किया हुआ है और फरीदाबाद पुलिस की तरफ से पांच हजार रूपए का इनामी घोषित किया गया है। पुलिस नितिन रोहतकिया के एक साथी प्रिंस को पहले की गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस इस मामले में फरार दूसरे आरोपियों की तलाश कर रही है।

### नाबालिग से विवाह और उत्पीड़न मामले में निलंबित ओडिशा पुलिस एसआई गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** चार महीनों से फरार चल रहे निलंबित उप-निरीक्षक (एसआई) अमित पाढी को जगतसिंहपुर पुलिस ने बुधवार को पिछले गिरफ्तार कर लिया । पाढी पर नाबालिग लड़की से शादी करने और उसके साथ शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जगतसिंहपुर पुलिस की चार सदस्यीय विशेष टीम ने पाढी को राज्य के बाहर से दबोचा है। उसे आज बाद में जगतसिंहपुर लाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जब यह मामला सामने आया तह बालेश्वर निवासी पाढी पुरी जिले में उप-निरीक्षक के पद पर तैनात था । उस पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग लड़की से संपर्क किया और बाद में उससे विवाह कर लिया। इसके पश्चात उसने पीड़िता के साथ गंभीर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया और अंततः उसे घर से निकाल दिया। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुरी के पुलिस अधीक्षक ने पाधी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। हालांकि, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह चार महीनों से फरार था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित को आवश्यक औपचारिकताओं के बाद अदालत में पेश किया जाएगा। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

### योगीघोपा अंतरदेशीय जल परिवहन विभाग की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए अभियान जारी

**बंगाईगांव :** जिला के योगीघोपा इलाके में बुधवार को दूसरे दिन भी सरकारी और वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। ज्ञात हो कि अतिक्रमण हटाओ अभियान योगीघोपा अंतरदेशीय जल परिवहन विभाग की भूमि से अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आरंभ किया गया है। असम सरकार द्वारा पूरे राज्य में सरकारी और वन भूमि से अवैध कब्जे को खाली कराने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक एक लाख बीघा से अधिक भूमि को खाली कराया गया है। इसी कड़ी में योगीघोपा जल परिवहन विभाग के बंदरगाह को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए अभियान आरंभ किया गया। भारी संख्या में पुलिस बल, केंद्रीय अर्ध सैनिक बल एवं जिला प्रशासन के अधिकारी बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचकर स्थायी और अस्थायी निर्माण को हटाने की प्रक्रिया आरंभ की। ज्ञात हो कि, जिला प्रशासन द्वारा पहले ही इलाके में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को नोटिस जारी किया था। नोटिस की समय सीमा पूरी होने के बाद आज कार्रवाई शुरू की गयी। उल्लेखनीय है कि, योगीघोपा तिनाली बजार और योगीघोपा थाना के सामने स्थित लगभग 200 व्यावसायिक प्रतिष्ठान एवं आवासों को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान आरंभ किया गया है। अंतिम सूचना मिलने तक मौके पर मौजूद भारी संख्या में पुलिस बल के चलते किसी भी तरह का कोई भी विरोध देखने को नहीं मिला है।

### उज्जैन-नागदा स्टेट हाइवे पर हुई दुर्घटना में एक की मौत, 8 घायल

**खाचरोद :** मध्य प्रदेश के हाईवे नंबर 17 उज्जैन- जावरा पर खाचरोद के समीप औद्योगिक क्षेत्र फरनाखेडी में बुधवार सुबह 5 बजे एक दुर्घटना हो गई जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए जिनका अस्?पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के बाबा रामदेवरा के दर्शन कर लौट रहे देवास जिले के यात्रियों के वाहन को सामने नागदा की ओर से आ रहे एक ट्राले ने टक्कर मार दी। जिसमें आईशर वाहन में सवार एक युवक की मौत हो गई व 6 लोग घायल हो गए । बताया जा रहा है कि सुबह यह लोग फरनाखेड़ी में सड़क किनारे पर वाहन खड़ा कर हाथ-मुंह धोने के लिए उतर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहा ट्राला ने टक्कर मार दी ।

न्यूज IN ब्रीफ

## पीड़ित परिवार ने उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया



**सिमडेगा :** जिला सिमडेगा निवासी पूर्व सैनिक एवं स्वयंसेवी विष्णु साहू की पहल एवं प्रयास पर सिमडेगा जिला उपायुक्त कंचन सिंह के विशेष सहयोग के कारण वर्ष 2007 में उग्रवादियों द्वारा अपहरण करके हत्या किये गए लचरागढ़ निवासी स्व. शंकर साहू का मृत्यु प्रमाण पत्र दिया गया।

मृत्यु प्रमाण पत्र न होने की वजह से अनेकों विधिक कार्यों व सुविधाओं से वंचित और पीड़ित परिवार में जगी खुशियाँ वहीं दूसरी ओर झारखण्ड स्टेट लीवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी , लचरागढ़ के बैंक खाते से लगभग 62 लाख रुपए के अवैध निकासी की वसूली में भी सिमडेगा जिला उपायुक्त की सक्रियता व सहयोग अविस्मरणीय है। इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंशा करते हुए महिला संकुल की सभी महिलाओं और स्व. शंकर साहू के पीड़ित परिवार की ओर से सिमडेगा जिला उपायुक्त कंचन सिंह को पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया।

## डॉक्टर आरके पाणि जॉनी भाई से मिलने पहुंचे



**संवाददाता :** प्रख्यात चिकित्सक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं पूर्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रहे,साउथ ईस्टर्न रेलवे चक्रधरपुर तथा साउथ ईस्टर्न रेलवे गार्डन रीच कोलकाता में पदस्थापित रह चुके तथा वर्तमान समय में ईस्ट कॉस्ट रेलवे भुवनेश्वर डॉक्टर आर के पाणि प्रख्यात समाजसेवी एवं वैक्सीन मैन के नाम से सुविख्यात तज्जमुल हुसैन ऊर्फ जॉनी भाई से मिलने उनके नेत्र चिकित्सालय पहुंचे और उनके इस कार्य को काफी बेहतर बताते हुए उनके कार्यों को सराहा।

इस अवसर पर श्री हुसैन ने कहा कि- डाक्टर आर के पाणि ने अपने बेहतर और उत्कृष्ट चिकित्सा से बेहतर सेवा और योगदान दिया है जो काफी अनुकरणीय रहा। ऐसे चिकित्सक हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं और लोगों को इनपर नाज होता है।

## जमशेदपुर में मालगाड़ी से रेलकर्मी ही कर रहे थे चावल की चोरी, दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** टाटानगर रेलवे यार्ड की लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से 1259 बोरा चावल गबन के एक वर्ष पुराने मामले में आरपीएफ ने दो क्लर्क मुकेश कुमार और सूरज कुमार को पकड़ा है। पूछताछ और रेलवे अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद दोनों को चक्रधरपुर मंडल रेलवे के टाटानगर कैंप कोर्ट में पेश किया गया, जहां से मंगलवार को उन्हें घाघीडीह जेल भेज दिया गया।

बुधवार को चक्रधरपुर रेलवे अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता रतन लाल महतो दोनों की जमानत अर्जी दाखिल कर पक्ष रखेंगे। अधिवक्ता के अनुसार, दोनों आरोपियों के पास से आरपीएफ ने चावल जब्त नहीं किया है और न ही दोनों ने पूछताछ में इस मामले में कोई जानकारी दी है। इधर, गिरफ्तार रेलकर्मियों की कोर्ट में पेशी के दौरान कोर्ट परिसर में दर्जनों रेलकर्मी और महिलाएं जमा हो गईं, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया। रेलकर्मी आरपीएफ की जांच प्रक्रिया और कार्रवाई पर सवाल उठा रहे थे। टाटानगर आरपीएफ पोस्ट में मालगाड़ी के वैगन से 23 लाख से अधिक मूल्य के चावल चोरी का मामला 15 फरवरी को रेलवे एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। चक्रधरपुर आरपीएफ के सहायक कमांडेंट ने कई बार टाटानगर पहुंचकर घटनास्थल की जांच की और रेलकर्मियों व सुरक्षा ड्यूटी जवानों से पूछताछ की थी। सोमवार को आरपीएफ ने रेलवे वाणिज्य क्लर्क मुकेश कुमार और सूरज कुमार को नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया और मंगलवार को उन्हें जेल भेज दिया।

मार्च 2024 की घटना

सूत्रों के अनुसार, चोरी हुआ चावल मार्च 2024 में ओडिशा के कांटाबाजी से पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर भेजा जा रहा था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण मालगाड़ी की एक वैगन टाटानगर में अलग कर दी गई। बाद में उस वैगन को दूसरी मालगाड़ी में जोड़कर एफसीआई भेजा गया। निर्धारित वैगन खाली होने पर चावल लोड वैगन यार्ड में लौट आई और फिर दूसरी मालगाड़ी से जुड़कर कृष्णानगर पहुंची। वहां व्यवसायी ने बुक किया चावल नहीं मिलने की शिकायत ईस्टर्न रेलवे जोन से की। स्थानीय स्तर पर जांच के बाद शिकायत टाटानगर आरपीएफ को भेजी गई, जिसके आधार पर दोनों रेलकर्मी गिरफ्तार हुए।

## बरवाअड्डा में ग्रामीणों ने सब स्टेशन से काट दी 40 गांव की बिजली

बरवाअड्डा : बरवाअड्डा थाना अंतर्गत आसनबनी वन पंचायत के सोनरिया गांव स्थित पावर सब स्टेशन में मंगलवार शाम सोनरिया के अक्षय ठाकुर व अशोक ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों महिल-पुरुष पहुंचे और सब स्टेशन से पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी। सोनरिया के लोगों ने सब स्टेशन के गेट में ताला जड़ दिया और हो-हंगामा करने लगे। सोनरिया गांव के ग्रामीणों का कहना था कि जब तक सोनरिया गांव को हरिहरपुर फीडर से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक इस पावर सब स्टेशन से किसी गांव में विद्युत आपूर्ति नहीं होगी। इससे तिलैया एवं मरिचो पंचायत के करीब 40 गांवों में अंधेरा पसर गया। सब स्टेशन में मौजूद कर्मचारी दीपक पंडित, इमामुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी एवं सुदन साव ने अशोक ठाकुर व अक्षय ठाकुर पर गाली-गलौज करते मारपीट करने का आरोप लगाया। सूचना पर तिलैया एवं मरिचो पंचायत के दर्जनों गांव के लोग सोनरिया सब स्टेशन पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख सोनरिया गांव के लोग भाग खड़े हुए। वहीं सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और तिलैया व मरिचो पंचायत के ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। गांव वाले सोनरिया गांव के लोगों पर काफी आक्रोशित थे। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को शांत करवाया। इस संबंध में ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि सोनरिया गांव के अक्षय ठाकुर और अशोक ठाकुर की अगुवाई में दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष सोमवार रात 12 बजे तक पावर कट रखा था। ि

# योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्य प्रगति में तेजी लाएं : उपायुक्त

संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, सोशल ऑडिट, रॉयल्टी जमा, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, बिरसा हरित ग्राम योजना, मानव दिवस सृजन, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन और लंबित योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्य प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंडवार मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंडों को लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत मानव दिवस सृजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन कर शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि मजदूर जब फील्ड में काम करते हैं तो उनके पास जॉब कार्ड उपलब्ध रहें इसे सुनिश्चित करें। कई बार योजना निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि मजदूर तो फील्ड में होते हैं पर उनके पास जॉब कार्ड उपलब्ध नहीं रहता है।

उपायुक्त ने एसटी-एससी महिला मजदूरों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने लेबर इंगेजमेंट के तहत प्रतिदिन मास्टर रोल निर्गत करने और अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में समय पर जियो टैग और मास्टर रोल निर्गत कराने का निर्देश दिया।

सोशल ऑडिट की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में बोलबा प्रखंड में अब तक किसी भी योजना का सोशल ऑडिट नहीं हुआ है। इस पर उपायुक्त ने बोलबा प्रखंड को प्राथमिकता के आधार पर सोशल ऑडिट करने का आदेश दिया। साथ ही सभी प्रखंडों को समय पर रॉयल्टी टैक्स जमा करने और लंबित बिलों की शीघ्र एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्यों में भी प्रगति लाने और इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रिजेक्ट ट्रांजैक्शन से जुड़े मामलों का निष्पादन भी शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा गया।

उपायुक्त ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास एवं पीएम जनमन योजना की विशेष समीक्षा की। अबुआ आवास योजना में प्रथम किस्त भुगतान के बावजूद 150 दिनों से अधिक समय से जियो टैग लंबित पाए। उन्होंने सभी लंबित आवास योजना में जियो टैग करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी आवास योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए और निर्माण कार्य समय पर पूरे हों।

बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, एलआरडीसी श्रीमती अरुणा कुमारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, सहायक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीआईजी की अध्यक्षता में बिहार-झारखंड संयुक्त नक्सल अभियान की हुई उच्चस्तरीय बैठक



बिनय मिश्रा

**पलामू :** मंगलवार को पलामू में डीआईजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में बिहार और झारखंड के नक्सल अभियान से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दोनों राज्यों की साझा चुनौतियों पर चर्चा की गई और विशेष रूप से कुख्यात नक्सली कमांडर नितेश यादव को मुख्यधारा में लाने अथवा अभियान चलाकर उसे जीवित पकड़ने की रणनीति पर जोर दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत प्रसाद (एडिशनल एसपी, एसआईजी बिहार), अखिलेश कुमार (डीएसपी अभियान मगध), इंस्पेक्टर रवि शर्मा (अभियान इंस्पेक्टर), बिनीत कुमार (एसआईजी बिहार) और एएसपी अभियान राकेश (पलामू) शामिल रहे।

कौन है नितेश यादव?

कुख्यात नक्सली कमांडर, जिन पर झारखंड और बिहार के कई इलाकों में नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। संगठन में रीजनल कमांडर के पद पर रह चुके हैं।

झारखंड सरकार ने उन पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।

उन्हें नितेश जी, इरफान, नंदू, किरानीह्व जैसे नामों से भी जाना जाता है।

अभियोजन और पुलिस अभियान

नितेश यादव पर 100 से अधिक हमलों का आरोप है, जिनमें लगभग 25 जवानों ने शहादत दी। हाल ही में पलामू में उनके खिलाफ चले अभियान में आईईडी और हथियार बरामद किए गए।

पुलिस ने अदालत के आदेश पर उनके घर पर इश्तेहार चिपकाए, ताकि जनता भी उसकी पहचान कर सके।

पारिवारिक घटना

नितेश यादव के 62 वर्षीय चाचा डोमन यादव की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है।

बैठक के बाद डीआईजी नौशाद आलम ने कहा,

नक्सली गतिविधियाँ राज्य और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। नितेश यादव जैसे बड़े नक्सली को या तो मुख्यधारा में लाना होगा या फिर अभियान के जरिए पकड़ना ही हमारा लक्ष्य है। बिहार और झारखंड पुलिस की साझा कार्रवाई से नक्सलियों की कमर तोड़ी जाएगी। अब नक्सलवाद के लिए इस क्षेत्र में कोई जगह नहीं बचेगी। इस बैठक के बाद दोनों राज्यों के सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया है।

## शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार कल

संवाददाता

**रांची :** आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस द्वारा लगाये जा रहे जनता दरबार की अगली कड़ी में कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की 21 अगस्त 2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे से कांग्रेस भवन में लोगों की समस्याओं को सुनेंगी।



उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार जनता से सीधे जुड़ाव का सिर्फ एक माध्यम ही नहीं बल्कि आम लोगों के दरवाजे पर पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास है ताकि जनता का भरोसा सरकार और प्रशासन पर कायम रहे। उन्होंने जो भरोसा और उम्मीद महागठबंधन सरकार पर पुनः जताया हैं उस पर संगठन और सरकार खरा उतरने का प्रयास कर रही है। आम लोगों की कई ऐसी समस्याएं होती हैं जिनके लिए लोगों को अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है कांग्रेस उसी के समाधान के लिए प्रयास कर रही है ताकि लोगों को कम से कम परेशानियों का सामना करना पड़े। जनता दरबार में आए हुए कई समस्याओं का समाधान कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा अधिकारियों को निर्देशित कर कराया गया इससे जनता के बीच सरकार की सकारात्मक छवि बन रही है।

## आईआईटी धनबाद में डीजीएमएस सर्वेयरों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**धनबाद :** आईआईटी आईएसएम धनबाद में डीजीएमएस सर्वेयरों के लिए आधुनिक सर्वेइंग तकनीक पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण शुरू हुआ। माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग ने टेक्समिन फाउंडेशन के सहयोग यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। 22 अगस्त तक चलने वाले प्रशिक्षण में टोटल स्टेशन, जीएनएसएस, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस की जानकारी दी जाएगी। डीजीएमएस के 19 सर्वेयर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सैफुल्लाह अंसारी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी (एसएंडटी) डीजीएमएस धनबाद, प्रो. धीरज कुमार डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी आईएसएम, प्रो. केका ओझा, डीन (कंटिन्यूइंग एजुकेशन प्रोग्राम, प्रो. भंवर सिंह चौधरी हेड माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग समेत अन्य मौजूद थे।

## सीतारामडेरा में पार्किंग विवाद में मारपीट, दो के खिलाफ केस

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला पार्किंग को लेकर हुए विवाद का है। शिकायतकर्ता स्वाभूमि ग्रीन वैली, गंगा अपार्टमेंट, घोड़ाबांधा (थाना गोविंदपुर) निवासी प्रणीता सिंह ने बताया कि 18 अगस्त को यह मारपीट हुई थी।

## नकली शराब फैक्ट्री मामले में फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी

संवाददाता

**जमशेदपुर :** बिरसानगर थाना क्षेत्र के हुड़लुंग में पकड़ी गई नकली शराब फैक्ट्री मामले में आबकारी विभाग ने फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की है। इस मिनी फैक्ट्री का संचालन करने वाले जितेंद्र और कल्लू छापेमारी के दौरान मौके से भाग निकले थे। विभाग ने आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि हुड़लुंग में लंबे समय से अवैध तरीके से नकली शराब का धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर गठित टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली शराब, स्प्रिट, कैरमेल, खाली बोतलें, ढक्कन और नकली स्टीकर बरामद किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री से जब्त की गई सामग्री को कार्यालय लाया गया है। प्राथमिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि स्थानीय स्तर पर बड़ी मात्रा में नकली शराब तैयार कर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। इससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। फिलहाल आबकारी विभाग की टीम फरार संचालकों जितेंद्र और कल्लू की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छह महीने से अधिक राशन नहीं उठाने वाले 50,323 नामों को हटाया गया

**जमशेदपुर :** डीसी के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला में अपात्र राशनकार्ड धारकों की पहचान और नाम हटाने की कार्रवाई चल रही है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी जुल्फीकार अंसारी ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल 22,975 संदिग्ध आधार प्रविष्टियों में से अब तक 20,067 नाम हटाये जा चुके हैं, जबकि 2,746 का सत्यापन जारी है. इसी तरह 18 वर्ष से कम और 100 वर्ष से अधिक आयु के एकल सदस्य कार्डधारियों की 16,399 प्रविष्टियों में से 2,274 नाम हटाए गए, 793 को योग्य पाया गया और 13,332 का सत्यापन हो रहा है. इसके अलावा, छह महीने या उससे अधिक समय से राशन नहीं लेने वाले मौन राशनकार्ड धारकों की संख्या 1,64,237 पायी गयी. इनमें से 50,323 नामों को सूची से हटाया गया है. डीसी ने स्पष्ट किया है कि डुप्लिकेट और अवैध लाभुकों को सूची से हटाकर वास्तविक पात्र परिवारों को ही योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा.

# मोटे अनाज के उत्पादन को दिया जा रहा है बढ़ावा

संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में मोटे अनाज के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ावा देने हेतु झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत मडुवा, ज्वार, बाजरा, कंगनी, सांवला, कोदो, चेना, कुटकी, कुट्टू एवं चोलाई जैसी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। यह लाभ न्यूनतम 10 डीसमिल से लेकर अधिकतम 5 एकड़ तक की खेती पर मिलेगा।

इसी क्रम में 19 अगस्त 2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी सिमडेगा, श्रीमती माधुरी टोप्पो ने कोलेबिरा प्रखंड के कमलापानी ग्राम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मडुवा की रोपनी कर रही महिलाओं के साथ उत्साहवर्धन हेतु स्वयं भी रोपनी में भाग लिया। मौके पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए सभी किसान 30 अगस्त 2025 से पूर्व अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र पर निबंधन अवश्य कराएं।

निबंधन के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, भूमि विवरणी एवं वंशावली की प्रतियां आवश्यक होंगी। कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़कर मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की अपील की।

